दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



दुनिया का सबसे पुराना चिड़ियाघर ....



धरती का सबसे शुष्क स्थान....

वर्ष : 09 | अंक : 255 | लखनऊ, 19 अगस्त, शनिवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान
33.c
न्यूनतम तापमान
27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g
चांदी 73.50/ g
सेंसेक्स 64,948.66
निफ्टी 19,310.15

# सीएम योगी ने यूथ-20 समिट का किया उद्घाटन

## अपनी सांस्कृतिक विविधता में एकता के कारण भारत दुनिया के नागरिकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जनपद वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में जी-20 समिट की श्रृंखला में आयोजित यूथ-20 (वाई-20) समिट में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने कार्यक्रम में देश-विदेश से आए युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी सांस्कृतिक विविधता में एकता के कारण भारत दुनिया के नागरिकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। लोकतान्त्रिक परम्पराओं पर विश्वास करते हुए, भारत की 140 करोड़ आबादी देश की एकता व अखण्डता के लिए कार्य कर रही है। यह भारत को विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी के देश के रूप में भी प्रस्तुत करती है।

मुख्यमंत्री ने देश की सबसे प्राचीन आध्यात्मिक नगरी काशी में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि वाराणसी बाबा विश्वनाथ का पावन धाम है। प्राचीन काल से ही धर्म व अध्यात्म की नगरी होने के साथ ही, भारत के दर्शन, शिक्षा, साहित्य व कला की भूमि के रूप में भी यह प्राचीन नगरी जानी जाती रही है। प्रदेशवासियों की ओर से देश के प्रधानमंत्री तथा वाराणसी के लोकप्रिय सांसद नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जी-20 की कई समिट के आयोजन का अवसर उत्तर प्रदेश को दिया है। इसी श्रृंखला में यूथ-20 (वाई-20) की मुख्य समिट का आयोजन वाराणसी में हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी, उत्तर प्रदेश की प्रमुख नगरी है। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परंपरा, कला, संगीत, शिक्षा की एक प्रमुख नगरी के रूप में वाराणसी ने भारत के हृदय स्थल के रूप में अपनी पहचान बनायी है। वाराणसी हमारे लिए प्रमुख धर्म स्थल इसलिए भी है कि भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश यहीं सारनाथ में दिया था, जो आज भी दुनिया के बौद्ध अनुयायियों के लिए पवित्र व आकर्षण का केंद्र है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी और डायवर्सिटी की त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है। प्राचीन संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर हमारा देश अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा करते हुए, अमृत काल के प्रथम वर्ष में जी-20 के इस प्रतिष्ठित आयोजन की अध्यक्षता कर रहा है। हर भारतवासी न केवल इस आयोजनों के प्रति लालायित है, बल्कि अपने आप को वैश्विक मंच पर उभरते हुए भारत के रूप में प्रस्तुत करने में गौरवान्वित महसूस करता है। जी-20 की थीम वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर है। यह भारत की उस प्राचीन व्यवस्था को प्रस्तुत करता है, जिसने हजारों वर्ष पहले दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश दिया था। वसुधैव कुटुम्बकम् अर्थात पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानने वाली व्यवस्था। यह मेरा है, यह तेरा है, यह विचार संकुचित सोच के लोगों का है। उच्च चरित्र वाले संपूर्ण संसार को ही एक परिवार मानते हैं।

मुख्यमंत्री ने दुनिया के कोने-कोने से आये युवाओं से कहा कि प्राचीन समय से ही युवा शक्ति की बात होती रही है। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम तथा श्रीकृष्ण को याद करते हुए निसिचर हीन करउँ महि भुज उठाइ पन कीन्ह तथा परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्, धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे का जिक्र किया। उन्होंने दुनिया को निर्वाण का उपदेश देने वाले भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, महारानी लक्ष्मीबाई, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, ठाकुर रोशन सिंह, भगत सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, विनायक दामोदर सावरकर, वीर अभिमन्यु, फ्रांस के लुइस ब्रेल तथा आइंस्टीन द्वारा युवा काल के दौरान किये गये प्रयासों का भी उल्लेख किया।

# अमित शाह के लक्ष्यों पर विपक्षी सवाल उठाते रहते हैं, पर गृहमंत्री अपने संकल्पों को सिद्धि तक पहुँचाते रहते हैं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली : संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा तभी सफल हो सकती है जब बिना रुके, बिना थके, निरंतर अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहा जाये। अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने 3 साल पहले संकल्प लिया था कि दिसंबर, 2023 से पहले 5 करोड़ वृक्ष लगाये जायेंगे। तब बहुत से लोगों ने इस लक्ष्य का मजाक उड़ाया था और इस पर सवाल भी उठाये थे लेकिन गृह मंत्री अपने अभियान को पूरा करने में लगे रहे और इस क्रम में उन्होंने आज 4 करोड़वें वृक्ष का रोपण किया यह विश्वास दिलाया कि दिसंबर, 2023 तक 5 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। पर्यावरण सुरक्षा को लेकर पहले सिर्फ खानापूर्ति की जाती थी लेकिन अब जिस तरह शीर्ष स्तर पर गंभीरता के साथ कदम उठाये जाते हैं उसका असर निचले स्तर तक हुआ है। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में गृह मंत्रालय के अखिल भारतीय वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जब 4 करोड़वें वृक्ष का रोपण किया तो यह एक अद्भुत घटना थी



## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम ज्योति मौर्य ने अपने ऊपर बने मीम्स को लेकर हाई कोर्ट का रुख किया

**पति ने लगाया था शादी में धोखा करने का आरोप**

नयी दिल्ली। सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) ज्योति मौर्य से जुड़ा विवाद अब दिल्ली हाई कोर्ट के दरवाजे तक पहुंच गया है। सरकारी कर्मचारी ने एक याचिका दायर कर उन्हें और उनके पति चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आलोक को ट्रोल करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट, गाने और मीम्स को हटाने की मांग की है। ज्योति मौर्य तब से विवादों के केंद्र में हैं जब उनके पति आलोक मौर्य ने आरोप लगाया था कि उनका गाजियाबाद में होम गार्ड कमांडेंट के रूप में तैनात मनीष दुबे के साथ विवाहेतर संबंध था। एक वीडियो में आलोक मौर्य एसडीएम बनने के बाद पत्नी के छोड़ जाने पर आंसू बहाते नजर आए।

**सोशल मीडिया के मीम्स के खिलाफ कानूनी एक्शन लेंगी एसडीएम ज्योति मौर्य**

इसके बाद ज्योति ने दावा किया कि उन्हें सोशल मीडिया उपयोगकताओं से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा और वह अपने पति के आरोपों के आधार पर आलोचना के केंद्र में थीं, जिससे उन्हें पेशेवर और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। अब ज्योति मौर्य विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने खिलाफ पोस्ट किए गए वीडियो, मीम्स आदि को हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गई हैं। याचिका में ज्योति मौर्य ने अदालत से आग्रह किया है कि वह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप सहित अन्य प्लेटफार्मों पर प्रसारित फर्जी खबरों, ऑडियो वीडियो और आपत्तिजनक खबरों को खारिज करने का निर्देश दे। ट्रोलिंग को अपनी निजता के अधिकार का हनन मानते हुए ज्योति ने कहा है कि उनके खिलाफ एक भ्रामक अभियान चलाया गया था और उन्हें इंटरनेट उपयोगकताओं द्वारा निशाना बनाया गया था, जिन्होंने कथित तौर पर उनसे जुड़े अश्लील गाने और वीडियो बनाए थे। उन्होंने यह भी दलील दी है कि इस संबंध में एफआईआर के बावजूद पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है।

### तलाक की सुनवाई

एसडीएम ज्योति मौर्य द्वारा अपने पति आलोक मौर्य से तलाक की अर्जी की सुनवाई भी आज सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई है। इस मामले पर आज प्रयागराज की फैमिली कोर्ट में सुनवाई होगी. पिछले महीने अपनी तलाक याचिका पर पहली सुनवाई के दौरान ज्योति मौर्य अदालत में मौजूद नहीं थीं। मौर्य दंपति के बीच लगातार चले ड्रामे के बाद तलाक की याचिका दायर की गई थी। जून में पत्रकारों के एक समूह के साथ आलोक की बातचीत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में, आलोक ने ज्योति पर उसे धोखा देने का आरोप लगाया और असफल शादी पर रोते हुए देखा गया। आलोक ने कथित तौर पर ज्योति और मनीष के बीच हुई व्हाट्सएप चैट का हवाला दिया और 2020 में दोनों को रंगे हाथों पकड़ने का भी दावा किया।

# मानसून के दौरान बाढ़, बिजली गिरने और भूस्खलन से 2038 लोगों की मौत

**गृह मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। देश में इस मानसून के दौरान बाढ़, बिजली गिरने और भूस्खलन के कारण कम से कम 2,038 लोगों की मौत हो गई। बिहार में सबसे अधिक 518 और हिमाचल प्रदेश में 330 लोगों की मौत हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल एक अप्रैल से 17 अगस्त के बीच बारिश और बाढ़ के कारण 101 लोग लापता हो गए जबकि 1,584 लोग घायल हो गए। बारिश, भूस्खलन और बिजली गिरने से 335 जिले प्रभावित हुए हैं जिनमें 40 जिले मध्य प्रदेश में हैं जबकि असम में 30 और उत्तर प्रदेश में 27 जिले प्रभावित हुए हैं।

मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश के 12 जिले और उत्तराखंड के सात जिले भी प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में बाढ़ के कारण 892 लोग डूब गए जबकि बिजली गिरने से 506 लोगों की मौत हो गई वहीं भूस्खलन से 186 लोगों की मौत हो गई। मानसून के दौरान अन्य वजहों से कुल 454 लोगों की मौत भी हुई। बारिश, बाढ़, भूस्खलन और बिजली गिरने से गुजरात में 165 लोगों की मौत हो गई जबकि मध्य प्रदेश में 138; कर्नाटक और महाराष्ट्र में 107-107; छत्तीसगढ़ में 90 और उत्तराखंड में 75 लोगों की मौत हो गई।


# स्वास्थ्य ही जीवन का आधार : पीएम मोदी

## हमें आपात स्थिति को रोकने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गुजरात, गांधीनगर में जी- 20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है। हम भारत में कहते हैं आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम्, अर्थात स्वास्थ्य ही परम धन है और अच्छे स्वास्थ्य से हर कार्य पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोविड 19 महामारी ने हमें याद दिलाया है कि स्वास्थ्य हमारे निर्णयों के केंद्र में होना चाहिए। इसने हमें सहयोग का मूल्य दिखाया है। उन्होंने कहा कि हमें अगली स्वास्थ्य आपात स्थिति को रोकने, तैयारी करने और प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

मोदी ने दावा किया कि भारत में, हम एक समावेशी और समग्र दृष्टिकोण का पालन कर रहे हैं, हम स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहे हैं, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली को बढ़ावा दे रहे हैं और सभी को सस्ती स्वास्थ्य देखभाल प्रदान कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वैश्विक उत्सव समग्र स्वास्थ्य की सार्वभौमिक इच्छा का एक प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने हमें याद दिलाया है कि स्वास्थ्य हमारे निर्णयों के केंद्र में होना चाहिए। इसने हमें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का मूल्य भी दिखाया, चाहे वह दवा और वैक्सीन वितरण में हो, या अपने लोगों को घर वापस लाने में हो। वैक्सीन मैत्री पहल के तहत, भारत ने 100 से अधिक देशों को 300 मिलियन वैक्सीन खुराकें पहुंचाई, जिनमें वैश्विक दक्षिण के कई देश शामिल हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीजी ने स्वास्थ्य को इतना महत्वपूर्ण मुद्दा माना कि उन्होंने ‘स्वास्थ्य की कुंजी’ नामक पुस्तक लिखी। उन्होंने कहा, स्वस्थ रहने का मतलब व्यक्ति के मन और शरीर का सामंजस्य और संतुलन की स्थिति में होना है। उन्होंने कहा कि लचीलापन इस समय की सबसे बड़ी सीख में से एक बन गई है। वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियाँ भी लचीली होनी चाहिए। हमें अगली स्वास्थ्य आपात स्थिति को रोकने, तैयारी करने और प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# लोक जागरण अभियान के तहत अखिलेश यादव ने किया जनसभा को संबोधित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की विचारधारा के लोगों और उनके मातृ संगठन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए भारत छोड़ो आंदोलन का विरोध किया था। उसी को छिपाने के लिए अब घर-घर झंडा लगाने का काम करते हैं। भाजपा के लोगों ने अंग्रेजो के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, क्रांतिकारियों और समाजवादियों का साथ नहीं दिया था।

लोक जागरण अभियान के तहत शुक्रवार को फतेहपुर में समाजवादी पार्टी के प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि केन्द्र की सरकार में आने के बाद भाजपा नए तरीके का भारत छोड़ो आंदोलन चला रही है। भाजपा के तमाम करीबी उद्योगपति बैंकों से पैसा लेकर भारत छोड़ गए। बंगलूर के उद्योगपति से लेकर गुजरात के कारोबारियों तक की लम्बी सूची है। जनता यह सब जानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने डीजल, पेट्रोल, रसोईगैस के दाम बहुत बढ़ा दिए हैं। महंगाई आसमान पर है। भाजपा गरीबों की जेब काट कर अमीरों की जेब भर रही है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के विकासकार्यों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। सड़कों में गड्ढे भरे पड़े है। केवल 100 रू0 का राशन देकर गरीबों को धोखा दे रही। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। खेती का लागत मूल्य दुगना हो गया।

अखिलेश यादव ने कहा कि बुल्डोजर वाली भाजपा सरकार सबसे बड़ी भूमाफिया भाजपा सरकार है। अयोध्या में भाजपा नेताओं ने सबसे ज्यादा जमीन पर कब्जा किया है। पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों पर अन्याय, अत्याचार कर रही है। लेकिन याद रखें बुलडोजर के दिमाग नहीं होता है। सरकार बदलेगी तो बुलडोजर की दिशा बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। बिजली, स्वास्थ्य, पुलिस सब में भारी भ्रष्टाचार है। बिजली नहीं आती है लेकिन सरकार भारी भरकम बिजली का बिल भेज देती है। बड़े पैमाने पर लूट और भ्रष्टाचार है। स्वास्थ्य सेवायें खराब हो चुकी है। गरीबों को दवा इलाज नहीं मिल रहा है।

यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। दिन दहाड़े हत्याएं हो रही है। महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित उत्तर प्रदेश में है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था सम्हालने में विफल है। अपराध नहीं रोक पा रही है। अपराधी बेखौफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का सपना दिखा रही है लेकिन सड़कों से सांड नहीं हटा पा रही है। साड़ों के कारण प्रदेश की यातायात व्यवस्था चौपट हो गयी है।

# मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी, 3 लोगों की मौत

**उखरुल में हथियारबंद बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मणिपुर के उखरूल जिले में आज तड़के ताजा हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई। पीड़ित सशस्त्र बदमाशों के साथ गोलीबारी में मारे गए। इंडिया टूडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, मणिपुर के उखरुल जिले के थोवई कुकी गांव में भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन ग्रामीणों की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, आज सुबह गांव से भारी गोलीबारी की आवाजें आने के बाद तीन लोगों के लापता होने की खबर है। जल्द ही, ग्रामीणों ने तलाश शुरू की और बाद में उनके शव मिले पीड़ितों की पहचान जामखोगिन हाओकिप (26), थांगखोकाई हाओकिप (35) और हॉलेंसन बाइट (24) के रूप में की गई है। यह घटना हिंसा प्रभावित मणिपुर की ताजा घटना है, जहां 3 मई को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद जातीय झड़पें हुईं। हिंसा भड़कने के बाद से 120 से अधिक लोग मारे गए हैं और 3,000 से अधिक घायल हुए हैं।

# विकास को गांवों तक पहुंचाना लक्ष्य : नड्डा

## भाजपा ने क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद का किया आयोजन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

दमन। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि यहां क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद का आयोजन गांवों तक विकास पहुंचाने और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के तहत 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य और पश्चिमी राज्यों के लिए आयोजित किया गया जिसमें पार्टी के निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों और उपाध्यक्षों ने भाग लिया। नड्डा ने प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया। नड्डा नेकहा कि इस कार्यक्रम में 125 से अधिक जिला अध्यक्षों और उपाध्यक्षों ने भाग लिया।

नड्डा ने कहा, हमने सबसे पहले सूरजकुंड में उत्तर भारत के लिए और हावड़ा में पूर्वी भारत के लिए ऐसी क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद का आयोजन किया और अब दमन में इस परिषद में मध्य और पश्चिम भारत के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसका उद्देश्य गांवों तक विकास पहुंचाना और सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि देश के सबसे कमजोर लोगों को मजबूत किया जाए और गरीबों तथा हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए।



नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है और अब भाजपा कार्यकर्ता गरीबों और पीछे छूट गए लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मोदी ने भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण के लिए भारत छोड़ो का आह्वान किया है। इसके लिए भी भाजपा कार्यकर्ता दृढ़ संकल्प के साथ काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रधानमंत्री का मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश के गांवों से आयोजित होगा और भाजपा शहीदों के गांवों से मिट्टी दिल्ली लाएगी। मोदी ने जिला पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया।

# भाजपा सरकार देश में मीडिया को पूरी तरह से खत्म करने का रच रही है षड्यंत्र- कांग्रेस

**योगी सरकार द्वारा मीडिया की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता पर लगाम लगाने की कोशिश निंदनीय- संजय सिंह**

**डबल इंजन की सरकार ने पहले पैसे के बल पर मीडिया को गुलाम बनाने का प्रयास किया और अब कानून का डर दिखाकर तानाशाही करने पर आमादा- संजय सिंह**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा प्रदेश के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर मीडिया की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर लगाम लगाने सम्बन्धी आदेश की उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजय सिंह ने कड़ी निंदा की है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमजोर करने की भाजपा की साजिश कभी कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस योगी सरकार के हिटलर शाही रवैये के खिलाफ लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी।

उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के बाद भाजपा सरकार ने मीडिया को अपने कब्जे में कर रखा है। भाजपा ने जहां मीडिया को पहले पैसे से खरीद कर उन्हें अपनी तरफ झुका रखा है तो वहीं अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मीडिया पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए एक आदेश जारी किया है। जिसके तहत प्रदेश सरकार व प्रशासन खिलाफ खबर करने वाले मीडिया हाउस पर सीधे तौर पर कार्रवाई करने की धमकी दी जा रही है। केंद्र कि मोदी और यूपी की योगी सरकार देश के चौथे स्तंभ को पूरी तरह से नेस्तनाबूद करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाह रही है और लोकतंत्र को समाप्त करने का काम कर रही है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि शासन द्वारा जारी मीडिया पर लगाम लगाने सम्बन्धी आदेश का पुरजोर विरोध करती है। आदेश की कांग्रेस पार्टी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनके शासन और प्रशासन के खिलाफ मीडिया हाउस को लिखना भारी पड़ने वाला है। खासतौर से उन पत्रकारों को अब योगी सरकार चुप करा देना चाहती है, जो आए दिन इस सरकार की पोल पट्टी जनता के सामने खोल देते हैं। योगी सरकार का यह आदेश मीडिया पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का काम करेगा और साथ ही जो भी इनके सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाएगा, सरकार उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के साथ ही बुलडोजर की कार्रवाई भी कर सकती है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों व कमिश्नरों को एक पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि सभी अधिकारी मीडिया में प्रकाशित होने वाले सरकार विरोधी (नकारात्मक) समाचारों पर खास ध्यान रखें, जो समाचार पत्र नकारात्मक समाचार प्रकाशित करके प्रदेश व सरकार की छवि खराब करते हैं, उन्हें नोटिस जारी करके तुरंत जवाब तलब किया जाए। यह आदेश बताने के लिए काफी है कि योगी सरकार अब अपनी आलोचना नहीं सुनना चाहती है।



# स्कूल जाने के लिए बच्चों का उत्साह ही उसकी उत्कृष्टता का प्रमाण है : डॉ. राजेश्वर सिंह

### भारत के पास दुनिया में उच्च शिक्षा का सबसे बड़ा नेटवर्क : डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ। हर एक बच्चा प्रतिभावान होता है। बच्चों के लिए प्राइमरी शिक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। प्राइमरी शिक्षा के दौरान ही बच्चों में सर्वाधिक आत्मविश्वास बढ़ता है। स्कूल जाने के प्रति बच्चों का उत्साह ही किसी स्कूल की उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह बातें सरोजनीगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहीं, मौका था प्री-स्कूल किडजी आशियाना सरोजनीनगर के सफलतम 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेलिब्रेशन कार्यक्रम का।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह ने सर्वप्रथम बच्चों के बीच जाकर उन्हें स्नेह किया, टॉफी और चॉकलेट बांटीं। साथ ही विधायक ने बहुत ही भावनात्मक रूप और प्रेम भाव के साथ बच्चों से वातालाप किया, विधायक के इस स्नेहिल अंदाज के साथ-साथ टॉफी-चॉकलेट पाकर बच्चे बहुत ही उत्साहित दिखे। मानों विधायक भी बच्चों के साथ बच्चे बन गए थे।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मंत्रमुग्ध वाली मनमोहक प्रस्तुति दी गई। डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस मौके पर किडजी के प्रिंसिपल और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक छात्रों के जीवन को ज्ञान से रोशन करता है। किडजी स्कूल बच्चों को आने वाले कल के लिए तैयार कर रहा है, यह अति सराहनीय है। शिक्षा के क्षेत्र में भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है, नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय विश्व में शिक्षा के केंद्र थे। आजादी के समय भारत में मात्र 1 लाख 50 हजार प्राथमिक स्कूल थे, आज इनकी संख्या 15 लाख से अधिक है। 1950 में देश में 20 यूनिवर्सिटी थी जबकि आज 1 हजार से ?अधिक विश्वविद्यालय हैं। विश्वभर में उच्च शिक्षा संस्थानों का सबसे बड़ा नेटवर्क भारत में है। भारत में 4.25 करोड़ से ज्यादा युवा हायर एजुकेशन ग्रहण कर रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ये बच्चे देश का भविष्य हैं, बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत होगी तो राष्ट्र का ?भविष्य उज्ज्वल व सुदृढ़ होगा। पीएम मोदी और सीएम योगी सरकार बच्चों की गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यूपी में 1.94 करोड़ से अधिक बच्चे स्कूल जा रहे हैं, ऑपरेशन कायाकल्प से स्कूलों का कायकल्प हो रहा है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 3,600 करोड़ का बजट जारी किया और 2 करोड़ छात्रों को लैपटॉप दे रहे हैं।

सरोजनीनगर क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु किये जा रहे कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए विधायक ने बताया कि पहाड़पुर उच्च प्राथमिक विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में स्थापित किया जा रहा है, यहां बच्चों के लिए प्लेनेटोरियम, ज्वायफुल लर्निंग क्लास, मल्टी प्लेस्टेशन, स्मार्ट इंटरेक्टिव पैनल, गूगल फ्यूचर क्लासरूप, रळएट रोबोटिक्स लैब, फ्यूचर क्लास रूम जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। क्षेत्र के 15 कॉलेजों में 160 कंप्यूटर देकर डिजिटल लैब स्थापित करवाई गई है। आने वाला समय डिजिटल शिक्षा का है, ऐसे में यह आवश्यक है कि बच्चों को आधुनिकता से जोड़ा जाए।

विधायक ने आगे यह भी बताया कि सरोजनीनगर में मेधावियों को साइकिल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। क्षेत्र के युवाओं को खेल के नए-नए अवसर दिलाए जा रहे हैं, सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के प्रथम चरण में अंडर-19 गर्ल्स बास्केटबॉल टूनार्मेंट और दूसरे चरण में क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया, अब फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में किडजी के डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल राहुल श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि सिंह, एकेडमिक हेड रुचि रस्तोगी, स्पर्श वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा, नेहा सिंह समेत बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।

## दबंगो ने रंजिश में कार सवार को रोककर जमकर पीटा, फोड़ा सिर

**मोहनलालगंज-लखनऊ।** मोहनलालगंज के कुढा गांव निवासी सचिन मिश्रा ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते गुरूवार की शाम वो अपनी कार से ट्रासपोर्ट नगर से वापस घर जा रहा था, जैसे ही गदियाना के साहू कालोनी के पास पहुंचा ही था कि पुरानी रंजिश को लेकर दबंग लक्की गौतम, ललित गुर्जर, आकाश, राहुल ने उसे जबरन रोक लिया ओर कार से बाहर घसीटकर ईट गुम्मे व लाठी डंडो से बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया।आरोपियो ने ईट से वार कर सिर भी फोड़ दिया।जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भगा निकले।सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे ओर उसे इलाज के लिये अस्पताल लेकर गयें।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार आरोपियो के विरूद्व मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## निगोहां मे हाइवे पर नाले के किनारे पड़ा मिला नवजात का शव

अमन लेखनी समाचार

निगोहॉ-लखनऊ।कहते है मां की कोख से जन्मा हुआ बच्चा उसके कलेजे का टुकड़ा होता है, ओर एक मां किसी भी परिस्थितियों में अपने कलेजे के टुकड़े को अपने से अलग नही करती, एसे में इस तरह खुले आसमान के नीचे कोई मां अपनी कोख से जन्मे नवजात को मरने के लिये छोड़कर कैसे जा सकती है, ऐसा सवाल शुक्रवार की सुबह निगोहां थाना क्षेत्र के मदापुर मंदिर चौराहे के पास हाइवे पर नाले के किनारे नवजात शिशु मिलने के बाद उधर से गुजरे राहगीरो व मौके पर मौजूद लोगो की जुबान पर था।राहगीरो की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो नवजात की मौत हो चुकी थी।जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

निगोहां के मदापुर मंदिर चौराहे से कुछ दूर पर रायबरेली-लखनऊ हाइवे की एक पटरी पर नाले के किनारे शुक्रवार की सुबह बारिश के बीच नवजात शिशु का शव पड़ा देख उधर से गुजरे राहगीरो ने निगोहां पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस नवजात के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मृत नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा गया है, आखिर किसने इतनी निर्दयीता दिखाते हुये शव को सड़क पर नाले के किनारे फेक दिया इसकी जांच की जां रही है, घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज देखी जा रही है, वही निजी अस्पतालो में टीम को भेजकर एक दो दिनो में हुयी डिलवरी की डिटेल जुटाई जा रही हैं।

## जीवन में अनुशासन के महत्व को नकारा नहीं जा सकता : सतीश महाना

अमन लेखनी समाचार




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जीवन में अनुशासन के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। आज की तेज जिंदगी में हमें अपनी गति के साथ सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही अनुशासन को भी बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आध्यात्म के जरिए हम सुरक्षा के साथ अनुशासन में भी रह सकते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष राजस्थान में ब्रम्हकुमारी आश्रम के मुख्यालय सिरोही में स्पीड सेफ्टी स्प्रिचुलिटी मेडिटेशन रिट्रीट पर आयोजित एक सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप बोल रहे थें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संस्कृति और हमारी आध्यात्मिक विरासत जीवन जीने का एक बेहतर तरीका प्रदान करती है।

विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि कुछ दशकों पूर्व राजनीति और राजनीतिक व्यक्तियों के प्रति जो एक नकारात्मक धारणा का भाव पैदा हो गया था, वह अब धीरे धीरे बदल रहा है। अब देश में एक सकारात्मक परिवर्तन का भाव दिख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को फिर से विश्व गुरू बनाने का जो कार्य शुरू किया है उसे हम सबको मिलकर पूरा करना है। श्री महाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व भारत फिर से उन उंचाईयों को छू रहा है, विश्व में जो उसकी पहचान थी। एक समय देश आध्यात्म, संस्कारों, ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति में काफी आगे था। पर पिछले कुछ दशकों में वह पीछे हो गया था, अब एक बार फिर से हमारा देश विश्व पटल पर आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति देश में एक विश्वास का भाव पैदा हुआ है। भारत का नौजवान और नारी शक्ति की ताकत से एक बार फिर हम विश्व में अपना स्थान बना रहे हैं। इस अवसर पर ब्रम्हकुमारी संस्था से जुडे सभी लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस संस्था से जुड़ी सभी बहनें मानव जीवन के लिए एक अच्छा काम कर रही है।

# सिलाई मशीन के पहिए के साथ गति पकड़ेगी सीमा की जिंदगी

## सम्मानजनक जीवन जीने में करें टीबी रोगियों की मदद : जिला क्षय रोग अधिकारी

### मिला भरोसे का इलाज और जिला क्षय रोग अधिकारी व निक्षय मित्र का साथ, तो टीबी से स्वस्थ हुई सीमा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** यह सिर्फ सिलाई मशीन नहीं, बल्कि मेरे जीवन का आधार है। टीबी की बीमारी के चलते अपनी आमदनी का एकमात्र जरिया, सिलाई मशीन जो मुझे बेचनी पड़ी थी वह जिला क्षय रोग अधिकारी डा.ए.के.सिंघल के माध्यम से निक्षय मित्र ने मुझे वापिस देकर अपने पैरों पर खड़े होने की हिम्मत दी है। बीमारी से उबरने के बाद अब मुझे विश्वास है कि मेरी जिन्दगी एक बार फिर गति पकड़ेगी। यह कहना है टीबी से ठीक हो चुकी 42 वर्षीय सीमा (बदला हुआ नाम) का।

सीमा के पति की मृत्यु हो चुकी है और दो बेटियां हैं। उन्हें गले में गांठ की टीबी यानि एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी हो गयी थी। वह बताती हैं की शुरूआत में उन्होंने कुछ निजी चिकित्सकों को दिखाया। हांलाकि डॉक्टर ने टीबी की पुष्टि नहीं की पर इलाज में काफी पैसा खर्च हुआ। सीमा अपना घर चलाने के लिए सिलाई करती थीं लेकिन महंगे इलाज के चलते उन्हें अपनी सिलाई मशीन बेचनी पड़ी। एक दिन मेडिकल स्टोर से दवाएं लेते समय पूछा तो पता चलाकि वह इतने समय से वह टीबी



की दवाएं ले रही थीं। सीमा बिना समय गंवाए मेडिकल कॉलेज पहुँचीं जहाँ जांच के बाद सही इलाज शुरू किया गया। उन्हें उनके घर के निकट राजेन्द्र नगर टीबी सेंटर पर भेज दिया गया जहाँ इलाज में टीबीएचवी राम प्रताप तथा आशा कार्यकर्ता सुनीता कुमारी ने बड़ी मदद की और अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं।

सीमा का कहना है कि सरकारी अस्पताल से मुझे न सिर्फ भरोसे का इलाज मिला बल्कि पोषण के लिए राशि और निक्षय मित्र के माध्यम से अतिरिक्त सहायता भी मिली। मुझे डर था कि कहीं मेरी बेटियों को भी टीबी न हो जाए पर डॉक्टर ने समझाया कि एक्स्ट्रापल्मोनरी टीबी संक्रामक नहीं होती। इलाज के दौरान मेरे खाते में निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह 500 रुपये भी आते रहे। वह कहती हैं कि पोषण के लिए सरकार हर क्षय रोगी की मदद कर रही है लेकिन आजीविका में जो सहयोग मिला, उससे मेरी आने वाली जिन्दगी संवर जाएगी।

### टीबी रोगी जी सकते हैं सम्मानजनक जीवन

जिला क्षय रोग अधिकारी का कहना है कि सीमा की मदद के लिए आगे आए निक्षय मित्र ने अपना नाम गोपनीय रखा है लेकिन उनका यह प्रयास बेहद सराहनीय है। कई ऐसे क्षय रोगी हैं जो बीमारी के साथ-साथ गरीबी और जीवन यापन से जुड़ी कई अन्य परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इनमें सीमा जैसी कई महिलाएं भी हैं जिन्हें अतिरिक्त सहयोग की बहद जरूरत है। यदि लोग निक्षय मित्र बनकर इनकी मदद करें तो हर टीबी रोगी स्वस्थ होकर एक सम्मानपूर्ण जीवन जी सकता है। डॉ. सिंघल बताते हैं कि कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी रोगियों को गोद लेकर उनकी मदद कर सकती है। इसके लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.tbcindia.gov.in पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से अपना पंजीकरण निक्षय मित्र के रुप में करना होता है अथवा व्यक्तिगत रूप से निकटतम टीबी यूनिट पर एसटीएस या जनपद स्तर पर डिस्ट्रिक्ट पीपीएम कोऑर्डिनेटर संपर्क स्थापित कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं निक्षयमित्रों द्वारा टीबी रोगियों को पोषाहार एवं आवश्यक मदद की जाती हैं उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 14,320 टीबी रोगी हैं जिनमें से लगभग 70 फीसद टीबी मरीजों को निक्षयमित्रों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत

जिला क्षय रोग अधिकारी का कहना है कि टीबी कभी भी किसी को भी हो सकती है। ऐसे में रोगियों से भेदभाव करने की बजाय हमें मिलकर इस बीमारी के खिलाफ कई मोर्चों पर एक साथ लड़ना होगा।सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की जांच और इलाज उपलब्ध है।टीबी के लिए सरकारी इलाज सबसे भरोसेमंद है क्यूंकि इसमें रोगी को उच्च गुणवत्ता की दवाइयों के साथ-साथ नियमित परामर्श, स्वस्थ होने तक पोषण के लिए राशि और निक्षय मित्र का सहयोग भी मिल रहा हैं

## महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।मयूर रेजिडेंसी सोसायटी की महिलाओं द्वारा टेढ़ी पुलिया स्थित विजय पैराडाइज होटल में हरियाली तीज उत्सव मनाया गया।शैली सिन्हा की गणेश स्तुति से कार्यक्रम की शुरूवात हुई।इस बीच महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर सावन की छठा बिखेरी। सावन के गीतों पर श्यामा मॉल, आशिता, अलका, गुंजन, कंचन, नविता, पूजा, नीतू, लिली, ने सामूहिक नृत्य कर तालियां बटोरी। वही पूनम, सुमन, सरूपा, ज्योति, प्रतिभा, अमृता और भावना ने भी आकर्षक नृत्य किया। इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं भी हुई जिसका सभी ने पूरा आनंद लिया कार्यक्रम का संचालन श्याम मॉल ने किया।

# पशुधन मंत्री धर्मपाल सिहं ने कमालपुर बिचलिका गांव पहुंचकर पशु आश्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज-लखनऊ।** जहरीली हरी चरी खाने से 13गौवंशो की मौत के मामले को संज्ञान में लेकर उ०प्र०सरकार के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिहं ने शुक्रवार को विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पांडे के साथ मोहनलालगंज विकासखंड के कमालपुर बिचलिका गांव पहुंचकर पशु आश्रय केन्द्र का निरीक्षण किया।पशुधन मंत्री धर्मपाल सिहं को निरीक्षण के दौरान आश्रय केन्द्र में अव्यवस्थाये मिली, गौवंशो को दिये जाने वाली हरी चरी की कटाई मशीन खराब मिली, वही गौंवशो की संख्या के अनुरूप टीन शेड छोटा मिला, जिस पर उन्होने मौके पर मौजूद एसडीएम को एक ओर टीन शेड आश्रय केन्द्र के अंदर बनाने जाने के निर्देश दिये, मंत्री ने गौंवशो को खिलाये जा रहे भूसे की गुणवत्ता भी देखी।उन्होने गौवंशो को केला व गुड भी खिलाया।पशुधन मंत्री ने मौके पर मौजूद एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य व बीडीओ पूजा सिहं से गौवंशो की मौतो की विस्तृत जानकारी ली।मौके पर मौजूद प्रधान व सचिव से भी जबाब तलब किया, इस दौरान सचिव ने घटना वाले दिन गौवंशो को हरी चरी ना खिलाये जाने की बात कही, जिस पर मंत्री ने सच्चाई छुपाने की बात कहते हुये सचिव को कड़ी फटकार भी लगाई।पशुधन मंत्री धर्मपाल सिहं ने बताया स्थानीय स्तर पर लापरवाही के चलते गौंवशो की मौत हुयी है, डीएम को गौवंशो के मौत मामले में गहनता से जांच कर लापरवाहो पर कार्यवाही के निर्देश दियें गये हैं।जिसने भी लापरवाही बरती है उसे कतई बख्शा नही जायेगा।निरीक्षण के दौरान एसडीएम, बीडीओ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समेत विभागीय अफसर मौजूद रहें।



### मंत्री ने डीएम व सीडीओ समेत अफसरो संग बैठक........

पशु आश्रय केन्द्र के निरीक्षण के बाद वहा अव्यवस्थायें देख पशुधन मंत्री धर्मपाल सिहं का पारा चढ गया ओर उन्होने आनन-फानन डीएम, सीडीओ समेत पुलिस व विभागीय अफसरो को बैठक के लिये मोहनलालगंज तहसील पहुंचने के निर्देश दियें, जहां मंत्री धर्मपाल सिहं ने तहसील सभागार में विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पांडे की मौजूदगी में डीएम सूर्यपाल गंगवार, सीडीओ रिया केजरीवाल, डीसीपी विनीत जायसवाल समेत ग्राम पंचायतो के सचिवो के साथ बैठक करते हुये मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व बीडीओ को गौ आश्रय स्थलो पर संयुक्त टीम बनाकर चारे की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु सतत प्रयास के निर्देश दिये, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटना ना हो।वही गौवंशो के स्वास्थ की जांच भी नियमित हो इसका भी ख्याल रखे।उन्होने बैठक में मौजूद पुलिस अफसरो से कहा सीओ व थाना प्रभारी अपने -अपने क्षेत्र की गौशालाओ का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराये।एसडीएम को गौशालाओ का समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिये।दूध निकालकर गौवंश को छुट्टा छोड़ने वाले पशुपालको को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करे जिससे पशुपालक डरेगे ओए छुट्टा गोवंश की समस्या को कम किया जा सकेगा।बैठक में एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य, एसीपी नितिन सिहं, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार, बीडीओ पूजा सिहं, तहसीलदार आनन्द तिवारी, इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य समेत विभागीय अफसर मौजूद रहें।

### आईवीआरआई की रिपोट में विषाक्त हरी चरी खाने से मौतो की हुयी पुष्टि

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया मृत गौवंशो के पोस्टमार्टम के बाद जांच के लिये विसरा सुरक्षित किया गया था, जिसे पशु चिकित्सा अधिकारी नगराम के संरक्षण में आईवीआरआई, बरेली व फारेंसिक लैब में जांच के लिये भेजा गया था, आईवीआरआई की जांच रिपोट में नाइट्रेट और नाइट्राइट विष से गौवंशो की मौत होने की पुष्टि हुयी है।ये विषाक्त पदार्थ सामान्यः चारे के खेत में यूरिया के अधिकाधिक प्रयोग से उगाए गये हरे मुख्यतः चरी में एकत्रित हो जाता है और ऐसा चरी खाने से पशुओ में सांस लेने में दिक्कत आने लगती है और आक्सीजन की कमी होने से आकस्मिक मौत होने का खतरा बढ जाता है।

## सरकार द्वारा जारी किए गए फरमान को लेकर धैर्य मीडिया एसोसिएशन ने की बैठक

### धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन ने पत्रकारों के हित में हुंकार भरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते बुधवार को प्रमुख सचिव के द्वारा पत्रकारों के लिए जारी किए गए पत्र से धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन में भारी रोष व्याप्त है।

बुधवार को उत्तर प्रदेश के गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों व कमिश्नरों / पुलिस अधीक्षकों को एक पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि सभी अधिकारी मीडिया में प्रकाशित होने वाले सरकार विरोधी (नकारात्मक) समाचारों पर खास ध्यान रखें। जो समाचार पत्र नकारात्मक समाचार प्रकाशित करके प्रदेश व सरकार की छवि खराब करते हैं उन्हें नोटिस जारी करके तुरंत जवाब तलब किया जाए।

जिसको लेकर धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन ने पत्रकारों के हित में हुंकार भरी है। पत्रकारों के साथ बैठक आयोजित हुई।बैठक में प्रदेश प्रवक्ता अरविंद मिश्रा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ हैं, जो सामाजिक कुरीतियों को उजागर करने व इसके उत्थान में अहम भूमिका निभाते हैं। आज की स्थिति में पत्रकारों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। पत्रकारिता के इस बदलते दौर में उन्हें दोतरफा जूझना पड़ता है। प्रदेश प्रवक्ता ने जारी हुए पत्र को लेकर कहा कि सरकार आदेश पर अपनी मंशा स्पष्ट करे, क्या पूर्व में भ्रामक खबर व गलत खबर पर प्रकाशन पर मुकदमा नहीं लिखता था क्या, यदि लिखता था तो इस आदेश का क्या मतलब है, निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए विगत वर्षों में सरकार ने क्या कार्य किए हैं जिससे पत्रकारों को कोई सहायता मिल सके, क्या सरकार की नजर में मान्यता प्राप्त पत्रकार ही पत्रकार है, अन्य पत्रकारों की गिनती पत्रकारों के किस श्रेणी में है, क्षेत्रीय पत्रकारों के उत्पीड़न पर उन्हें सरकार से कैसे न्याय मिले जब वह पत्रकार श्रेणी में नहीं है, पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लगाना बंद करें। जल्द ही धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन इस संबंध में राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेगा। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रजनीकांत चौधरी चरण सिंह अंतरष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर। साउथ फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत शुक्रवार शाम की शाम चौधरी चरण सिंह अंतरष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे।इस मौके पर एयरपोर्ट अधिकारियो ने रजनीकांत का भव्य स्वागत किया।

बताया जाता है कि रजनीकांत झारखंड से राजधानी आए हैं। वह शनिवार को प्रदेश के मुख़्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रजनी कांत के साथ अपनी हाल में ही रिलीज हुई अपनी फिल्म जेलर देखेंगे। उल्लेखनीय है कि रजनीकांत इससे पहले वर्ष 2021 में लखनऊ आ आये थी. इस दौरान उन्होंने यहाँ अपनी फिल्म की शूट भी की थी। फिल्म शूटिंग के दौरान इमामबाड़ा, चौक और लक्ष्मण गौशाला में दृश्यों को फिल्माया गया था। रजनीकांत इससे पहले रजनीकांत वर्ष 2018 में भी यहाँ अपनी फिल्म की शूटिंग कर चुके है। बताया जाता है कि वर्ष 2018 में करीब 400 लोगों के साथ परी टेन बक कराकर आये थे.



## देश को आजादी बड़े बलिदानों के बाद मिली है, हमें इसकी कदर करनी चाहिएः उदय खत्री

### क्रांतिवीरों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महान क्रांतिवीरों खुदीराम बोस, प्रफुल्ल कुमार चाकी एवं मदन लाल ढींगरा की पावन स्मृति में क्रांतिवीर रामकृष्ण खत्री के कैसरबाग स्थित आवास पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध जन और विद्यालयों के शिक्षक -छात्र भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर छात्रों ने इन क्रांतिवीरो की जीवनी पर प्रकाश डाला।इस मौके पर छात्रों को उदय खत्री, अब्दुल वहीद ने पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया।



कार्यक्रम के आयोजक उदय खत्री ने सभी का स्वागत किया और कहा कि देश को आजादी बड़े बलिदानों के बाद मिली है।हमें इस आजादी की कदर करनी चाहिए, यही शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में उदय खत्री, अब्दुल वहीद, श्रीमती कुसुम द्विवेदी, वीरेंद्र त्रिपाठी, अमित कुमार, शिवम कुमार, मो अयान, ललित कुमार, आलोक सिन्हा, अमन शर्मा, अवधेश सोनकर मौजूद थे।

# धीरे-धीरे बढ़ रहा है गंगा का जलस्तर घर छोड़ने को मजबूर कटरी वासी

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। गंगा नदी का जल स्तर कई दिनों से बढ रहा है ।जिससे अब पानी कई गांवों में पहुंच गया है ।कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है ।जिससे वहा आवागमन का एक मात्र साधन नाव बच्ची है। बाढ़ से फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है ।पशुओं के चारे की समस्या भी विकराल हो गई है। ग्रामीण अपनी अपनी गृहस्थी समेटने लगे है ।घरों में रखा अनाज भी बेचना शुरू कर दिया है ।लोग रिस्तेदारो व आस पास के मिलने जुलने वालो से मदद मांगनी शुरू कर दी है।



सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जल स्तर बढ़ने से अब पानी बाबू बंगला, चंडी बंगला, पनपथा,गंगादीन पुरवा,धनकुखेड़ा की जाने वाली सड़क पर तीन से पांच फिट तक पानी भर गया है ।जिससे इन गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है ।ग्रामीण मजबूरन नाव से आवागमन करने को मजबूर है ।बाबू बंगला, चण्डी बंगला, पनपथा,गंगादीन खेड़ा गांवों के कई घरों में गंगा नदी का जल भर गया है ।जिससे परिवार वालो को रहने खाने व शौच के लिए भी समस्या उत्पन्न हो गई है।

इन गांवों के अलावा क्षेत्र के देविपुरवा,बंदनपुरवा,लाल्टूपुरवा, टपरा ,महानंदपुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी,जुड़ा पुरवा, पटियरा सहित अन्य गावो के लोग भी प्रभावित है ।राजकुमार, संजय, कमलेश, विनोद,निवाजी,सुंदर,रमेश, गुड्डु,पप्पू, रामकिशन ,दीपक, भोला,विनोद, रत्नेश आदि ने बताया कि खेतो में तैयार लौकी,कद्दू,तरोई, टिंडा,सेमी,करेला, कुमड़ा आदि की फसल बर्बाद हो गई है ।अधिकांश भू भाग में बाढ़ का पानी भरने से पशुओं के चारे की समस्या उत्पन हो गई है।

माना बंगला निवासी श्री राम कुशवाहा ,रामबाबू आदि ने बाढ़ को देखते हुए घर में रखा अनाज बेचना शुरू कर दिया है।

पनपथा गांव का प्राथमिक व जूनियर विद्यालय बंद कर दिए गए है ।बाबू बंगला व चण्डी बंगला के छात्र छात्राएं माना बंगला विद्यालय पढ़ने जाते थे ।माना बंगला विद्यालय के अध्यापक राम प्रकाश यादव ने बताया रास्ते में पानी भर जाने की वजह से छात्र छात्राओ के अभिवाको से कह दिया गया है कि अपने बच्चे को खुद ले कर आए या स्कूल मत भेजे।

# सई नदी में स्नान कर रहे किशोर की पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। सई नदी पुल के नीचे शुक्रवार दोपहर को नहाने गए किशोर की गहरे पानी में जाने से मौत हो गई। मवेशी चरा रहे चरवाहों ने किशोर को डूबते देख परिजनों को सूचना दी। जिस पर कस्बे के ही 4 युवकों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर के शव को ढूंढ़ कर बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

हसनगंज कस्बा निवासी कृष्णा 16 वर्ष पुत्र ब्रजकिशोर शुक्रवार दोपहर दो बजे सई नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। नदी के बाहर कपड़े रख कर नहाने लगा तभी वो गहरे पानी में जाने की वजह डूबने लगा? ।पास में ही मवेशी चरा रहे चरवाहो ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कस्बे के ही चार युवक सुनील, छोटे, बाबू, मुकेश ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद



100 मीटर की दूरी गहरे पानी से बाहर निकाला। मृतक के माता-पिता की बचपन में मौत हो गई थी। जिसका पालन पोषण चाचा गोविंद कर रहे थे। मृतक दो भाई थे ।जिसमें बड़ा भाई मयंक 18 वर्ष जो अपनी चचेरी बुआ शशि के यहां रहकर पढ़ाई करता है। मृतक कक्षा 9 का छात्र था ।कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## संक्षेप

### बाइक सवार युवक जानवर से टकराकर हुआ घायल

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार-भगवंतनगर मार्ग पर मनिकापुर के पास बाइक से जा रहे युवक के सामने अचानक नीलगाय आ जाने से बाइक टकराकर गिर गयी जिससे बाइक चला रहे अरुण कुमार उर्फ मूसा पुत्र सुरेशचंद्र उम्र 42 वर्ष निवासी रावतपुर -बिहार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया। जहा खबर लिखे जाने तक उपचार हो रहा था।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में होगा फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिनी स्टेडियम में दिनांक 19 और 20 अगस्त को सुबह 10 बजे आइडियल पब्लिक स्कूल एवं युवक /महिला मंगल दल के संयुक्त तत्वावधान में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे एवं मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज, ग्राम प्रधान सरैया राजेंद्र लोधी, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, श्रद्धा सोनकर (फुटबॉल कोच), कल्पना कमल (जिला क्रीड़ा अधिकारी), शिवराम सिंह (जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी) होंगे। इस प्रतियोगिता का समापन समारोह मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता उर्फ गोल्डी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि द्वारा होगा। प्रधानाचार्य आइडियल पब्लिक स्कूल कपिल कुमार व आरकेएस ईव फाउंडेशन के अध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका में सभी राष्ट्रीय व एनआईओएस कोच मौजूद होंगे।

### दलित से मारपीट के मामले में आठ लोगो पर दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के धानीखेड़ा गांव निवासी प्रेमशंकर मिश्रा पुत्र स्व० सियाराम मिश्रा ने गांव के ही आठ लोगों के खिलाफ घर में चढ़कर मारपीट, गाली,धमकी, तथा बचाने दौड़े दलित के साथ मारपीट करने का मामला पंजीकृत कराया है।

थाना क्षेत्र के धानीखेड़ा निवासी प्रेमशंकर मिश्रा ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गुरुवार सुबह 7:30 बजे घर के दरवाजे सफाई कर रहे थे तभी गांव के निवासी आदित्य सिंह, लल्लन सिंह, लल्लू सिंह, विवेक सिंह, मनीष सिंह, आशीष सिंह, लखन सिंह, कोमल सिंह ने हमला बोल दिया। जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। घर में काम करने वाले जितेंद्र रावत बचाने दौड़े तो उनके साथ भी मारपीट की। थानाध्यक्ष बृजमोहन सैनी ने बताया कि नामित 8 लोगों के विरुद्ध मारपीट गाली-गलौज धमकी तथा दलित उत्पीडन का मामला पंजीकृत कर लिया गया है।

# बीमारी से ऊब कर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के बाहर पेड़ पर एक युवक का शव लटकता मिला। गुरुवार को 4 बजे घर से दुकान का सामान लेने के लिए निकला था। देर रात तक घर न पहुंचे पर परिजनों ने खोज शुरू की गांव के बाहर एक पेड़ पर रस्सी के फंदे से शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया

कोतवाली क्षेत्र के जुझारपुर गांव निवासी कामता का 22 वर्षीय पुत्र संदीप रावत गुरुवार 4 बजे घर से परचून की दुकान का सामान लेने के लिए निकला था। देर रात तक युवक घर नही पहुंचा तो परिजनों ने खोज शुरू की। जिसके बाद युवक का शव गांव के बाहर पांच सौ मीटर दूर एक चिलवल के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। युवक दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था। बड़ा भाई अमित ने बताया कि मृतक को बवासीर की बिमारी थी जिससे वो परेशान रहता था गुरुवार को वह घर से दुकान से सामान लेने के निकला था लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा खोजने पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया

प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएंगी। प्रथम दृष्टया बीमारी से परेशान होने की बाते सामने आ रही हैं ।परिजनों ने किसी भी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव



अमन लेखनी समाचार

मियाँगंज, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फाँसी के फंदे पर लटकता मिला । सूचना पर पहुँचे मृतका के परिजनों के बेटी का शव देख होश उड़ गये । सूचना पर पहुँची आसीवन पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया । मृतका के परिजनों ने पति समेत सात लोगों को नामजद करते हुवे दहेज हत्या का आरोप लगाते हुवे प्राथना पत्र दिया है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जाँच कर रही है । थाना क्षेत्र के खरगौरा की रहने वाली ज्योति उम्र 23 वर्ष पत्नी लेखलाल का शव कोठरी में लगे छल्ले में साड़ी के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला ।सूचना पर पहुँचे मृतका के परिजनो ने दहेज में कार मांगने और आये दिन मारपीट करने का आरोप लगाया । मृतका के पिता सुरेश निवासी पाठकपुर आसीवन ने पति लेखलाल सास सीमा,ससुर परशुराम,नन्द अंजू,मंजू,संजू व देवर सचिन को नामित करते हुवे तहरीर पुलिस को देते हुवे बताया की बीती 14 जून 2022 को बेटी का विवाह किया था हैशियत के हिसाब से दहेज दिया था पर लगातार बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे और कार की मांग कर रहे थे ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है ।मृतका के 5 माह का मासूम पुत्र बव्वा है मृतका की माँ सुमन सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है । थाना प्रभारी सन्दीप कुमार मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपित पति लेखलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

# रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। रायबरेली उन्नाव रेल रुट पर थाना क्षेत्र के गांव रावतपुर के निकट एक 32 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक के बगल में पड़ा मिला ।ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है ।एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को रावतपुर गांव के प्रधान ने सूचना दी उन्नाव रायबरेली रेल रुट पर पोल संख्या 160 /14 के निकट रेलवे ट्रैक के किनारे एक 32 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ है ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव के आसपास के लोगों से पूंछतांछ की ,परंतु उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई ।एसओ ने बताया कि युवक ट्रेन से गिर गया होगा ।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है ।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र हड़हा के अंबेडकर नगर वार्ड में 22 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर कमरे में रस्सी से झूलता मिला है । हड़हा निवासी सन्तोष सोनकर का22 वर्षीय बेटा आशू सुबह जब काफी देर तक कमरे बाहर नही निकला तो छोटी बहन आशनी ने दरवाजा खोल कर अंदर झांक कर देखा जहाँ आशू का शव रस्सी में सहारे झूल रहा था ।उसकी चीख सुन कर पिता सन्तोष व पडोसी कमरे के अंदर पहुंचे । फोन सेपुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने शव को नीचेउतरवाया और कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।आशू के एक छोटी बहन आसनी है ।मा की दो साल पहले मौत हो चुकी है। पिता सन्तोष मंद बुद्धि है ।आशू पुरवा में अपने रिश्तेदार के यहां रह कर बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था ।गुरुवार दोपहर को घर आया था।

# मामूली से विवाद में पड़ोसी ने छात्र को मारी गोली

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में मामूली से विवाद को लेकर पड़ोसी युवक ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से किशोर को गोली मार दी परिजन किशोर को सी एच सी ले गए जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते किशोर को जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस ने आरोपी युवक को रिवाल्वर सहित गिरफ्तार कर लिया



थाना क्षेत्र के दादा मऊ निवासी नीतीश कुमार 16 वर्ष पुत्र अजय शंकर तिवारी का अपने पड़ोसी भोला शंकर पांडे 40 वर्ष पुत्र लव प्रकाश पांडे से मामूली से विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी जिसपर भोला शंकर ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से नीतीश को गोली मार दी गोली किशोर के पैर में लगी गोली की आवाज सुनते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीघापुर में भर्ती कराया गंभीर हालत देखते डॉ ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया नितेश कुमार रामनाथ इंटर कॉलेज रुजिहाई में कक्षा 11 में पढ़ता है क्षेत्राधिकारी माया राय ने बताया कि घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है जो अब खतरे से बाहर है वही आरोपी युवक भोला शंकर को उसके लाइसेंसी रिवाल्वर सहित गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# रेप व पास्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। रेप व पॉस्को के दर्ज मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दूसरे आरोपी युवक को लालकुआं तिराहे से पकड़ लिया ।बता दें कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने संजय व अजय निवासी सिकंदरपुर कर्ण के विरुद्ध उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था ।पुलिस ने लड़की के बयान व मेडिकल जांच की रिपोर्ट के आधार पर रेप व पॉस्को की धाराओं की वृद्धि की थी ।इसी केस में फरार चल रहे नारेन्द्र कुमार उर्फ अजय सरोज पुत्र रजोले निवासी सिकन्दरपुर कर्ण थाना बीघापुर को पुलिस ने सोमवार सिकन्दरपुर कर्ण पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया था वहीं शुक्रवार को लालकुआं तिराहे से दूसरे आरोपी सौरभ उर्फ संजय पुत्र महेश को एसआई हस्मत अली व सिपाही यशपाल यादव ने धर दबोचा ।एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।

# गंगा के बड़े जलस्तर से कई गांव बाढ़ की चपेट में

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के दुलीखेड़ा के मजरे पसनियाखेड़ा बाढ की चपेट में आ गया है। गाँव के चारो तरफ पानी ही पानी दिख रहा है। साथ ही जयराजमऊ सीतारामखेड़ा में गंगा में पुनः जलस्तर बढ़ जाने के चलते आवागमन बंद हो गया है। वहीं जयराजमऊ व पसनियाखेड़ा को जोडने.वाले पुल के ऊपर भी पानी का बहाव तेज हो गया है। दोनों गांव चारों ओर पानी से घिरकर टापू बन गए हैं। लोग जान जोखिम में रख कर दो फीट से लेकर चार फीट तक पानी मंझाकर निकाल रहे हैं। धानीखेड़ा, जयराजमऊ, रायपुर में पढने.जाने वाले बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित है। गांव में संचालित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण कार्य ठप है। बाढ़ का पानी ललाखेरा, जगनू का पुरवा, संग्रामपुर तक फैल चुका है। शुक्रवार को एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला व क्षेत्राधिकारी मायराय ने मौके पर पहुँचकर हालात का जायजा लिया। पसनियाखेड़ा गाँव वालों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा गया। उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने कि नाव की व्यवस्था की गई है। तहसील प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर है।



# जल्द दौड़ेगी मोहान से लखनऊ बुद्धेश्वर तक इलेक्ट्रॉनिक बस

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ और मोहान के बीच 18 किमी की दूरी होने के बावजूद नगर की बस सेवा क्षेत्रवासियों को नही मिल पा रही ।जिससे क्षेत्र के सैकड़ों लोग डग्गामार वाहनों,टैक्सी आदि से आना जाना करते हैं ।क्षेत्र की बड़ी समस्या को देखते हुए भाजपा नेता हर्ष श्री वास्तव ने एमएलसी राम चंद्र प्रधान से मिलकर इलेक्ट्रॉनिक बस लखनऊ बुद्धेश्वर से मोहान तक बस चालू करवाने की मांग की ।जिसपर एमएलसी राम चन्द्र प्रधान ने परिवहन विभाग स्वतंत्र प्रभार मंत्री दया शंकर सिंह को पत्र लिखकर इलेक्ट्रॉनिक बस चलवाने का आग्रह किया किया हैएमएलसी रामचंद्र प्रधान ने बताया कि लखनऊ बुद्धेश्वर से मोहान तक इलेक्ट्रॉनिक बस चलावने के लिए मंत्री को पत्र लिखा है जल्द ही क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।



# सर्प दंश से महिला की हुई मौत परिजनो में मचा कोहराम



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम महराज पुर में बृहस्पति वार की रात को एक अधेड़ महिला को सर्प ने डस लिया। परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई बिहार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम महराजपुर गांव निवासी महिला केशन दुलारी पत्नी राम विलास आयु लगभग 45 वर्ष ब्रहस्पति वार की रात चारपाई पर सोई थी। देर रात सांप ने डंस लिया। शोर मचाने पर उठे परिजन केशन दुलारी को लेकर अस्पताल जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर घर आते ही घर पर कोहराम मच गया। उसके एक पुत्र व तीन पुत्रियां है पति शहर में नौकरी करता हैं सूचना पर मौके पर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घर में परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# तमंचे की नोक पर रेप किए जाने का महिला ने लगाया आरोप



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने शुक्रवार को थाना पहुंच पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि वह अपने बच्चों के साथ रात में घर में सोई हुई थी तभी गांव की ही एक महिला एक अज्ञात व्यक्ति साथ पहुंची। जिसमें अज्ञात युवक के पास हाथ में तमंचा था। जिसने तमंचे की नोक पर वह उसे एक कमरे में ले गया और कमरे को बंद कर तमंचे के बल पर उसके साथ गलत कार्य किया। वहीं सहयोगी महिला दरवाजा बंद किए खड़ी रही। पीड़िता महिला ने बताया कि उसने जब शोर मचाया तो पड़ोस के लोग दौड़े जिस पर आरोपी युवक तमंचा लहराते हुए भाग निकला। पीड़ित महिला ने आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया। थाना पुलिस ने बताया कि महिला के शिकायतीपत्र पर जांच शुरू कर दी गई है।

चिंतन

# महाराष्ट्र: सरकारी अस्पताल में 18 मौत चिंता की बात

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में णएक सरकारी अस्पताल में 24 घंटे के दौरान 18 मरीजों की मौत ने गोरपुर और ओडिसा की दर्दनाक घटना की याद दिला दी है। यह लोमहर्षक घटना महाराष्ट्र में ठाणे शहर के कलवा में नगर निकाय द्वारा संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में घटित हुई है। किसी एक सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में डेढ़ दर्जन मरीजों की मौत लोगों में दहशत पैदा करने वाली बात है। कुछ दिन पहले भी इस अस्पताल में पांच मरीजों की मौत हो गई थी। महाराष्ट्र सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए और मौत के असली कारणों का पता लगाना चाहिए। देश में छोटे बड़े करीब 38 हजार सरकारी अस्पताल हैं, जहां लाखों लोग प्रतिदिन इलाज कराते हैं। ऐसे में इस तरह की मौत से सरकारी अस्पतालों की विश्वसनीयता खतरे में आएगी। मृतकों में 10 महिलाएं और आठ पुरुष शामिल हैं, इनकी उम्र 12 से लेकर 50 वर्ष के बीच है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक स्वतंत्र जांच समिति का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य सेवाओं के आयुक्त करेंगे। इसमें कलेक्टर, सिविक चीफ, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक शामिल होंगे। ये समिति मौतों के कारणों के बारे में जांच करेगी। सरकार का यह कदम सराहनीय है, लेकिन बड़ा सवाल है कि इतने मरीजों की मौत 24 घंटे में कैसी हो गई? यह मौत हमारी सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल है। कोविड महामारी काल में भारतीय सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुली और केंद्र व राज्य सरकारों की स्वास्थ्य सेवा के प्रति उपेक्षा का खामियाजा कोविड पीड़ितों ने भुगता। उस वक्त केंद्र और राज्य सरकारों ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की दशा सुधारने की ओर प्रयास करना शुरू किया, इसके नतीजे भी देखने को मिले। बहुत सारे सरकारी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में सुधार हुए, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता बढ़ी, बेड बढ़े, ऑक्सीजन आपूर्ति बढ़ी, वेंटिलेटर बढ़े, लेकिन ये सभी स्वास्थ्य जरूरतों के आगे ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। भारत विश्व का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा अभियान आयुष्मान भारत चला रहा है, ऐसे में देश में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर का मजबूत होना जरूरी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को देश में स्वास्थ्य सेवा और अस्पतालों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता के रूप में लेना चाहिए। ठाणे के जिस सरकारी अस्पताल में मरीजों की मौत हुई है, कहा गया है कि इनमें गुर्दे की पथरी, दीर्घकालिक लक्वा, अल्सर, निमोनिया, केरोसिन विषाक्तता, सेप्टीसीमिया आदि की जटिलताएं थीं, इसलिए मौत के कारणों की गहन जांच होनी चाहिए। इन मरीजों को दिए गए इलाज की जांच की जानी चाहिए। क्या इलाज में लापरवाही बरती गई है, यह भी जांच में शामिल हो। उपचार के क्रम की जांच भी जरूरी है। मरीज अगर अस्पताल में भर्ती है, तो उसका प्रॉपर इलाज होना ही चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही अक्षम्य है। देश में सरकारी अस्पतालों की भारी कमी है, जिसके चलते हरे सिविल और अन्य बड़े सरकारी अस्पतालों पर क्षमता से अधिक भार है। सभी राज्य सरकारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। सबसे बड़ी चिंता की बात है कि सरकारी अस्पतालों में बड़ी से बड़ी घटना घट जाती है, जिसमें अनेक लोगों की मौत हो जाती है, लेकिन सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने व जवाबदेही तय करने के लिए गंभीरता से कोई कदम नहीं उठाती है। गरीबों की आशाएं सरकारी स्वास्थ्य सेवा है, इसलिए इसे अधिक बेहतर व जवाबदेह बनाने की जरूरत है। अपने हर नागरिक की जान की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

सारा संसार



अट्टुकल भगवती मंदिर केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित बहुत ही आकर्षक मंदिर है। अट्टुकल भगवती मंदिर मां देवी भगवती को समर्पित एक धार्मिक मंदिर है। इसे महिलाओं की सबरीमाला के रूप में जाना जाता है और अपने वार्षिक अट्टुकल पोंगल उत्सव के लिए बड़ी संख्या में महिला भक्तों को आकर्षित करती है।

जश्न-ए-आजादी
प्रभुनाथ शुक्ल



# अमृतकाल में फहराएं तिरंगा

राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी देश अपने राष्ट्रीय ध्वज को जान से भी अधिक सम्मान देता है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए लाखों लोग बलिदान हो चुके हैं। भारत में राष्ट्रीय ध्वज विशेष अवसरों पर फहराया जाता है। बचपन में जब हम स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे उस दौरान स्वाधीनता और गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती थी। उस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर यह गीत गाया करते थे 'विजयी विश्व तिरंगा, प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा'। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना सबसे पहले पिंगली वेंकैया ने की थी। यह आजादी का अमृतकाल है। देश के हर व्यक्ति को गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए। ऐसा करने अपने भीतर अपना देश, अपनी माटी की अकल्पनीय अनुभूति होती है और राष्ट्रीय भावना और मजबूत होती है। संविधान सभा की बैठक में 22 जुलाई 1947 को तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता मिली। हालांकि इसके पूर्व भी कई तरह के झंडे देश और विदेश में फहराए गए, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार नहीं किया गया था। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि यह हमारे गौरव, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक है। इसके सम्मान की हर हालत में रक्षा की जानी चाहिए।



तिरंगे का अपमान राष्ट्र का अपमान समझा जाता है। फटे-पुराने एवं कटे हुए तिरंगे को नहीं फहराया जाना चाहिए। संविधान सभा की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के रूप में इसे अंगीकार किए जाने के बाद अभी सिर्फ एक बदलाव किया गया जिसमें चरखे की जगह अशोक स्तंभ के 'चक्र' का उपयोग किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज में कोई भी बदलाव नहीं हुआ। राष्ट्रीयध्वज के रोहण के लिए भी नियम बनाए गए हैं। भारतीय ध्वज संहिता यानी 'फ्लैग कोड ऑफ इंडिया' में सब वर्णित हैं। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई है। भारतीय ध्वज संहिता 2002 को पुनः 30 दिसंबर 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया है। देश में राष्ट्रीय शोक की स्थिति में तिरंगा झुकाया जाता है। देश में जीतने दिन का राष्ट्रीय शोक रहता है तिरंगा तब तक झुका रहता है। राष्ट्रीय शोक खत्म होते ही तिरंगा को अपनी ऊंचाई पर सम्मानित कर दिया जाता है। देश के राष्ट्रायक्षों और सैनिकों के पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर अंतिम विदाई दी जाती है।

# नए इतिहास का सृजन है 'आजादी'



विशेष
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

स्वतंत्रता दिवस को लेकर हर भारतीय के मन में एक अलग की उमंग और जोश भरा रहता है। 15 अगस्त के दिन हर तरफ उत्सव, उमंग और राष्ट्रीयता की भावना मंजिलों उछल रही होती है। इन सारी खुशियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि वास्तव में आजादी क्या है? यदि इसे हम कविता और शायरी की भाषा में व्यक्त करना चाहें तो यह एक सुंदर एहसास है। किसी गुलाम से आजादी का मतलब पूछें तो उसके लिए बेड़ियां तोड़कर स्वच्छंद विचरण ही आजादी है। आज जब हम अपने देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए खड़े हैं, तब यह प्रण लेना चाहिए कि देश के विकास में सहायक बनेंगे। देश की एकता को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस हम सबके लिए जश्न मनाने का अवसर होता है। आधुनिकता की दौड़ में आज का इंसान अपनी रोजमर्रा की जरूरतों में बंधकर खुद की आजादी को भूल रहा है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर हर भारतीय के मन में एक अलग की उमंग और जोश भरा रहता है। 15 अगस्त के दिन हर तरफ उत्सव, उमंग और राष्ट्रीयता की भावना मंजिलों उछल रही होती है। इन सारी खुशियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि वास्तव में आजादी क्या है? यदि इसे हम कविता और शायरी की भाषा में व्यक्त करना चाहें तो यह एक सुंदर एहसास है। किसी गुलाम से आजादी का मतलब पूछें तो उसके लिए बेड़ियां तोड़कर स्वच्छंद विचरण ही आजादी है। एक आजाद व्यक्ति से यह पूछना कि आजादी क्या है? अपने आप में पेचीदगी से भरा सवाल है। आजाद व्यक्ति के लिए आजादी से जुड़े अधिकारों को जानना जहां सजगता है, वहीं कर्तव्य पर विराम चिह्न लग जाता है। स्वतंत्रता केवल मनुष्य के लिए ही नहीं वरन हर प्राणी के लिए उत्साह बढ़ाने वाली होती है। एक पिंजरे में कैद पक्षी जब अपने समाज को आकाश में स्वच्छंद उड़ान भरता देखता है तो उसे स्वतंत्रता अथवा आजादी का मूल्य समझ में आ जाता है। स्वतंत्रता का सही मूल्यांकन वही व्यक्ति कर सकता है जो गुलामी की जिंदगी जी रहा हो। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिवमंगल सिंह सुमन की पंक्तियां बरबस ही ही याद आ जाती हैं

*हम पक्षी उन्मुक्त गगन के , पिंजरबद्ध न गा पाएंगे,*
*कनक तीलियों से टकराकर, पुलकित पंख टूट जाएंगे ।*
*हम बहता जल पीने वाले ,मर जाएंगे भूखे प्यासे,*
*कहीं भली है कटुक निबोरी, कनक-कटोरी की मैदा से ।।*

स्वतंत्रता किसे पसंद नही? कोई इसे छीनने आतुर होता है तो कोई अपनी विवशता के आगे मूक बना रहता है । मनुष्यों से लेकर पशु-पक्षियों और पेड़-पौधों में भी आजादी की ललक का एहसास किया जा सकता है। हम अपने आसपास के प्राकृतिक वातावरण में भी आजादी का सुंदर उदाहरण पा सकते हैं। पौधों और वृक्षों की प्रजातियां को हम भरपूर स्वतंत्रता प्रदान करें तो वे विशाल वन का रूप अख्तियार कर अपने विभिन्न प्रजातियों का वृद्ध स्वरूप हमारे सामने ला दिखाते हैं। इन्हीं पौधों और वृक्षों की बोनसाई प्रजाति को जब हम अपने घरों के गमलों में सजा डालते हैं तो उनकी आजादी भी जंजीरों में जकड़ जाती है और सुंदर पौधे तथा वृक्ष केवल हमारे घर-आंगन की शोभा बनकर रह जाते हैं। देखा जाए तो आजादी की महत्ता अनगिनत स्वरूपों में दिखाई पड़ती है। यही विकास के लिए आवश्यक भी है । वास्तव में स्वतंत्रता वह साधन है जिसके द्वारा नित्य नए विचारों का प्रस्फुटन होता है। रचनात्मक कला के चलते विकास के सर्वोत्तम मार्गों का निर्माण होता है। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि जब किसी कलाकार, अभिनेता या वैज्ञानिक को अपने विचारों को पंख लगाने अथवा साकार रूप देने की स्वतंत्रता प्राप्त होती है तो एक नए इतिहास का सृजन होता है। इन्हीं परिस्थितियों में कोई एपीजे अब्दुल कलाम तो कोई नृत्य और संगीत का बेताज बादशाह बनकर देश का गौरव बन जाता है। यह




शाश्वत सत्य है कि हमारी आजादी हमें उत्साहित करती है। 15 अगस्त 1947 के बाद से हमने बहुत कुछ पाया है। हमने प्रगति और विकास के मार्गों पर कदम बढ़ाया है। यूं तो इस कल्पना मात्र से सिहरन हो जाती है कि यदि हम स्वतंत्र ना होते तो क्या होता? आजादी के बिना हम आज के भारत की तस्वीर को नहीं देख पाते। हम बेशक अपनी आजादी का उत्सव पूरे गौरव और उमंग के साथ मनाते रहें, किंतु हमारी एक नजर उस ओर भी जाना चाहिए, जहां हमारे अपने लोग गरीबी की गुलामी में जकड़े हुए हैं। यह देखकर हमारे देश के कर्णधारों और जनप्रतिनिधियों का दिल दुखना चाहिए कि हमारे अपने लोग जरूरतों से बेदखल क्यों हैं? कभी-कभी ऐसा लगता है कि उनका भाग्य उन्हें और अधिक दुर्भाग्य परोस रहा हो। वह सहानुभूति के पात्र हैं, किंतु तिरस्कृत जीवन जीना ही उनकी विवशता बन चुकी है। क्या हम गर्व से कह सकते हैं कि समाज का निर्धन वर्ग हमारी तरह स्वतंत्रता का जश्न मनाते हुए हृदय से गौरवान्वित महसूस कर रहा है? वह तो महज शारीरिक रूप से कुछ पल के लिए हमारे साथ उस आजादी का अनुभव करता है जिसने उसके जीवन में प्रवेश ही नहीं किया है। हमारे देश की यही तस्वीर हमें अपनी जड़ों के करीब होने के महत्व का स्मरण कराती है । यहां जिस गरीबी और निर्धनता की बात की जा रही है, वह एक लड़ाई है-अशिक्षा के खिलाफ अंधविश्वास के खिलाफ, कुरीतियों के खिलाफ, अमीर गरीब की असमानता के खिलाफ, जातिवाद के खिलाफ, धर्मों के बीच वैमनस्यता के खिलाफ, स्त्री- पुरुष असमानता के खिलाफ , झूठे प्रसार के खिलाफ, जमाखोरी और घूसखोरी के खिलाफ तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ ।

आज हमारे लिए यह विचारणीय है कि देश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण, आतंकवाद और नक्सलवाद के कारण आजादी जैसा शब्द हांफने क्यों लगा है? निश्चित तौर पर हमारा देश वैश्विक स्तर पर प्रगति कर रहा है। बावजूद इसके 140 करोड़ भारतीयों में कहीं भ्रष्टाचार तो कहीं गंदी राजनीति नासूर बन चुकी है! 15 अगस्त का दिन हर भारतीय के लिए सम्मान और गौरव का दिन है। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि इतिहास में हमें ऐसे महान स्वतंत्रता संग्रामी और क्रांतिकारी मिले जिन्होंने न केवल हमारे देश को आजादी दिलाई वरन अपनी कुर्बानी देकर सच्चे वीर सपूत होने का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम अपनी आजादी का 'अमृत महोत्सव' मना रहे हैं। ऐसे में यह भी जरूरी है कि हम खुद से कुछ सवाल पूछें? मसलन क्या आजादी कोई वरदान है या कि एक बार मिल गई सो मिल गई ! अब ना इसे सहजने की जरूरत है और ना ही इसके विस्तार की। यहां हमें यह भी याद रखना होगा कि जिस आजाद देश में आजादी की गूंज बंद हो जाए, वहां आजादी का बागबान भी सुरक्षित नहीं रह सकता है!

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आजादी केवल दिखावे और फैशन की वस्तु नहीं है। कहीं ऐसा ना हो कि फैशन के दौर में आजादी की गारंटी ही चली जाए? जिस तरह हमारे दादा-परदादाओं द्वारा बनाए गए घर को साफ-सफाई और मरम्मत की जरूरत होती है ठीक उसी तरह लोकतंत्र और आजादी को भी लगातार मजबूती देना जरूरी है। आज जब हम अपने देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए खड़े हैं, तब यह प्रण लेना चाहिए कि देश के विकास में सहायक बनेंगे। देश की एकता-अखंडता को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। यह निश्चित है कि जब हम सब एक होकर समस्याओं और दुश्मनों के आगे खड़े होंगे तो अपने देश को विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाकर दिखाएंगे। हमें अपने आप को ढेरों जंजीरों से मुक्त कराना है, जो हमें आगे बढ़ने, समृद्धिशाली बनने से रोकती हैं।


## भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है।

## मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

अंतर्मन




आज की पाती

### भारत छोड़ो आंदोलन से प्रेरणा लें

हमारे देश के राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी एक कविता में क्या खूब कहा है कि 'जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रस धार नहीं, वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।' 8 अगस्त वर्ष 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। इसे अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन का नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था। इस आंदोलन में बहुत से देशभक्त शामिल हो गए थे। देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद करवाने के लिए बहुत से लोग जेलों में भी गए। यह आंदोलन इतना भारी था कि अंग्रेजों की नींद हराम हो गई थी। अंग्रेजों ने बौखलाहट में आकर हमारे देश के देशभक्तों पर जुल्म किए। इसमें बहुत से लोग देश के लिए कुर्बान हो गए थे और बहुत से जख्मी हो गए थे। हमें इस आंदोलन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

*– सुमंगल पांडे, धमतरी*

करंट अफेयर

### त्वचा कैंसर जांच के दिशा निर्देश भ्रमित करने वाले

गर्मियों की धूप और इसकी हानिकारक पराबैंगनी किरणों से खुद को बचाना अक्सर आसान नहीं होता है। और, त्वचा कैंसर की जांच कब और कैसे की जाए इसके बारे में सार्वजनिक तौर पर जानकारी कुछ हद तक भ्रमित करने वाली हो गई है। विज्ञान विशेषज्ञों की एक स्वतंत्र राष्ट्रीय समिति 'यूएस प्रिवेंटिव सर्विसेज टास्क फोर्स' ने अप्रैल 2023 में मौजूदा अनुसंधान की व्यवस्थित समीक्षा के बाद त्वचा कैंसर जांच को लेकर अद्यतन सिफारिशें दीं। समिति ने निष्कर्ष निकाला कि सबूत किशोरों और वयस्कों की व्यापक वार्षिक त्वचा जांच का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन शुरुआती चरणों में कैंसर को पकड़ने से त्वचा कैंसर से मृत्यु का खतरा कम हो जाता है।



ऑफ बीट

### वेप्स में क्या होता है हम पूरी तरह नहीं जानते

अगर आप मुझसे पूछते हैं कि ई-सिगरेट, डिस्पोजेबल वेप्स या ई-लिक्विड में क्या है तो मेरा संक्षिप्त उत्तर होगा 'हम पूरी तरह से नहीं जानते।' बाजार में विभिन्न स्वाद वाले इन उत्पादों की बढ़ती रेंज, गर्म करने पर या एक-दूसरे के साथ संपर्क में आने पर सामग्री में बदलाव और अपर्याप्त लेबलिंग के कारण इस जटिल प्रश्न का उत्तर दे पाना आसान नहीं है। लेकिन स्वास्थ्य प्रभावों को समझने से जटिलता का एक और स्तर जुड़ जाता है। स्वास्थ्य के लिए ई-सिगरेट का जोखिम कई कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें किस उपकरण या फ्लेवर का उपयोग किया जाता है और लोग उनका इस्तेमाल कैसे करते हैं।



ट्रेंड


#### 15 नये एम्स खुल रहे



आदरणीय खड़गे जी, हमारी नीयत नेक, और इरादे साफ़ हैं। आशा रखता हूं कि आप वास्तविकता को समझेंगे। कांग्रेस के 50 साल के शासन में एक एम्स खुला। वाजपेयी के समय में 6 एम्स और मोदी के समय में 15 नये एम्स खुल रहे हैं।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

#### पर्यावरण का सम्मान करें



प्रकृति परम शक्ति का प्रतिबिंब है। अपने आसपास के पर्यावरण का सम्मान करें, अपने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करें। आओ एक ऐश्वर्य-सम्पन्न भविष्य के लिए एकजुटता के साथ पेड़ लगाएं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

#### स्वास्थ्य सिस्टम बीमार बनाया



लूट और जुमलों ने देश को किया अस्वस्थ, मोदीजी के हर शब्द में झूठ ही कंठस्थ। दावा किया कि बनाए हैं एम्स कई सारे, सच्चाई है डॉक्टर की कमी से जूझे एम्स हमारे। कोरोना में उदासीनता से आयुष्मान भारत में घपलेबाजी तक। आपकी सरकार ने स्वास्थ्य सिस्टम को बीमार बनाया है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

#### यही करना होगा



यशस्वी जयसवाल की ताकत प्रारूप के अनुसार गियर बदलने की उनकी क्षमता है। भविष्य में बल्लेबाजों को यही करना होगा। उत्तम स्वभाव के साथ अनुकूलता सफलता दिलाती है

-मोहम्मद कैफ, क्रिकेटर

# संक्षेप

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

### पुलिस महिला की पहचान कराने की कवायद में जुटी

अमेठी जिला, अमेठी में ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला की पहचान करने की कवायद में जुट गई है। घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी रेल खंड स्थित देवीपाटन मंदिर के पास का है। मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी रेल खंड स्थित देवीपाटन मंदिर के पास का है। जहां आज सुबह करीब 10 बजे वाराणसी से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अमेठी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास मौजूद लोगों से महिला की शिनाख्त करवाने की कोशिश की। लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर महिला की शिनाख्त कराने की कवायद में जुट गई है। एसएचओ अरुण द्विवेदी ने कहा कि इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला की शिनाख्त नहीं हुई है।

## अमेठी में दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

### पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, घर के सामने जबरन निर्माण कराने का किया था विरोध

अमेठी जिला, अमेठी में जमीनी विवाद में दबंगों ने घर मे घुसकर पूरे परिवार की पिटाई कर दी। दबंगों की पिटाई से घायल पीड़ित ई-रिक्शा पर बैठकर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के तकिया बादलगढ़ गांव का है जहां की बुजुर्ग महिला सबरुन निशा अपने मकान का गेट लगवा रही थी। इसी दौरान विपक्षी इस्लाम उनके घर के सामने जबरन नींव खोदकर निर्माण करने लगा। जब सबरुन ने ऐसा करने से मना किया तो विपक्षी इस्माइल और उसके परिजनों ने घर में घुसकर पूरे परिवार की पिटाई कर दी। दबंगों की पिटाई से घायल महिलाएं अपना इलाज करवाने के बाद थाने पहुंची लेकिन सुनवाई नहीं हुई। रिक्शा पर बैठकर सबरुन अपने परिवार के साथ थाने पहुंचीं और एक बार फिर मदद की गुहार लगाई जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सबरुन की बहू इस्मा बानो का आरोप था कि पहले दबंगों ने घर में घुसकर पूरे परिवार की पिटाई की और जब वो शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो पुलिस उनकी सुन नहीं रही थी। गांव के रहने वाले एहसान अहमद ने कहा कि ये सब अपना गेट लगवा रहे थे लेकिन विपक्षियों ने इनके घर के बाहर जबरन नींव खोद ली और जब इन लोगों ने मना किया तो पूरे परिवार की घर में घुसकर पिटाई कर दी।

# परेड ग्राउंड पर एसपी ने ली परेड की सलामी

### पुलिस लाइन परिसर व शस्त्रागार का किया निरीक्षण



**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशान्त वर्मा द्वारा शुक्रवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच स्थित परेड ग्राउंड पर कराते हुये परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में निर्देशित किया गया। तदुपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर व शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये।

# दो वांछित वारण्टी गिरफ्तार, भेजा जेल



**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध मे चलाये गये अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा न्यायालय सीजेएम बहराइच द्वारा निर्गत वारण्ट मु0सं0 12190/20 राज्य बनाम रामशरण आर्य धारा 147, 308, 323, 325, 452 भादवि थाना रुपईडीहा में वांछित अभियुक्तगण राकेश मिश्रा पुत्र जय नारायण निवासी परमपुर व बाबा उर्फ गोविन्द पुत्र श्रीकन्त निवासी परमपुर थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को अभियुक्त के घर ग्राम परमपुर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सदर रवाना किया गया।

# अखिलेश यादव ने वर्तमान सरकार पर कसा तंज, समर्थकों ने की पुष्प वर्षा

**अमन लेखनी समाचार**



फतेहपुर। जनपद में समाजवादी पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पहुंचने पर समर्थकों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया वहीं मंच पर पहुंचते ही फतेहपुर जिला अध्यक्ष समेत जहानाबाद नगर पंचायत के चेयरमैन सैयद आबिद हसन आदि ने स्मृति चिन्ह देते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया का भव्य स्वागत किया अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वर्तमान सरकार पर गहरा तंज कसते हुए अनेकों विभाग रडार पर लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार ने महंगाई चरम सीमा पर पहुंचा दी है वही प्रशासनिक विभाग भी पूरी तरह खोखला नजर आ रहा है सभी नियम कानून केवल स्याही और कागज पर चल रहे हैं धरातल पर पूर्ण रूप से शासन अनुशासन शून्य स्थिति पर है सपा मुखिया ने गरीब लोगों के घर में चलने वाले बुलडोजर को लेकर भी वर्तमान सरकार के प्रति रोष जताया समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के उद्बोधन को सुनकर प्रांगण में मौजूद हजारों समर्थकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गुंजायमान कर दिया वही शाम समय सदर क्षेत्र में जहानाबाद नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष सैयद आबिद हसन के आवास मंसूर मेंशन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन हुआ जहां नगर अध्यक्ष समेत भारी संख्या में समर्थकों ने पुष्प वर्षा करते हुए सपा मुखिया का स्वागत किया नगर अध्यक्ष के घर पहुंच कर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जहानाबाद नगर अध्यक्ष की माता एवं उनके परिवार के साथ भोजन ग्रहण किया इस मौके पर समाजवादी पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं भारी संख्या में जन सैलाब मौजूद रहा

# अमीरुद्दीन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चो ने मन मोहा

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। तहसील मुख्यालय कैसरगंज सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय अमीरुद्दीन पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा प्रभात रैली निकाली गई बाद ध्वजारोहण कर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक गीत प्रस्तुत किये। बच्चों ने भाषण, लोक नृत्य व विभिन्न राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किए।विद्यालय के प्रबंधक इरफान अहमद ने ध्वजारोहण ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रधानाचार्य फैजान अहमद ने छात्र छात्राओं को संबोधित किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन मो॰ सादिक अंसारी ने किया। छात्रा माहेनूर, फिजा, फायजा, सलमा, साइमा, जैनब, रकीब, अंसार, सौर्य साहु, पूजा, अलीमुद्दीन सहित सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# सदभावना दिवस पर डीएम ने दिलायी प्रतिज्ञा



**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच। सदभावना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलायी कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता हूॅ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सागर, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम, बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारी तथा ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इसी प्रकार जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में सद्भावना प्रतिज्ञा दिलासी गई।

# चोरी की योजना बनाते शातिर चोर गिरफ्तार




**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध मे चलाये गये अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना रूपईडीहा शमशेर बहादुर के कुशल नेतृत्व मे उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय मय हमराही पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर चकिया रोड पर ईदगाह से अभियुक्त गण कयूम पुत्र बघेलू निवासी ग्राम सीतापुरवा, सहजना थाना रूपईडीहा व सलमान पुत्र मकबूल निवासी जैसपुर थाना जैसपुर जिला बांके राष्ट्र नेपाल जो चोरी करने की योजना बना रहे थे। तभी घेराबंदी कर उनको एक अदद सब्बल, एक अदद टार्च व एक अदद राड के गिरफ्तार किया गया।जिसके सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 260/2023 धारा 401 भादवि पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल रवाना कर दिया गया।

# टीचर सेल्फ केयर टीम ने बीईओ को भेंट किया विचार क्रांति पत्रिका

**अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर टीचर सेल्फ केयर टीम टीएससीटी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी मिहींपुरवा अजीत प्रताप सिंह को टीम की ओर से विचार क्रांति पत्रिका की एक प्रति भेंट की गई। मालूम हो कि टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा इस टीम में जुड़े हुए अध्यापकों के परिवार को आर्थिक मदद करता है तथा अब तक लगभग ?28 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद 123 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को कर चुका है। यह सुनकर खंड शिक्षा अधिकारी ने टीएससीटी की प्रशंसा की और सभी शिक्षकों से टीम में जुड़ने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी को टीम के जिला प्रवक्ता दुर्गा प्रसाद पटेल एवं ब्लॉक संयोजक मिथिलेश कुमार गुप्ता द्वारा विचार क्रांति की पत्रिका भेंट की गई। इस दौरान ब्लॉक प्रवक्ता मोइनुद्दीन खान प्रभारी, आदित्य वर्धन वर्मा एवं मीडिया प्रभारी राकेश विश्वकर्मा, सह संयोजक राकेश यादव, चंद्रिका प्रसाद वर्मा, मोहम्मद कयूम अंसारी, राम प्रकाश साहू, जूनियर शिक्षक संघ कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी व समस्त शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

# रामनगरी में स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ धूमधाम मना

### स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और देश भक्ति गीतों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध; फोटों में देखें

**अमन लेखनी समाचार**



अयोध्या, अयोध्या में स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक आजादी का जश्न देखने को मिला। स्कूल, कॉलेजों, सरकारी दफ्तर, निजी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया। जश्न ए हिंदुस्तान के मौके पर कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस को मंडल एवं जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि आजादी के हम 76 वर्ष पूर्ण कर लिये है तथा 77 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे है। स्वतंत्रता दिवस सम्बंधी मुख्य कार्यक्रम जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजकीय इंटर कालेज में मा मंत्री ने जनपद वासियों एवं देशवासियों को अमृत काल की पावन बेला पर 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी विकास परियोजनाओं तथा जनपद अयोध्या पूर्ण एवं चल योजनाओं की जानकारी दी। एस.एस.किड्स सरयू विहार कॉलोनी अयोध्या में 15 अगस्त आजादी के जश्न के अवसर पर मुख्य अतिथि सी.एस सिंह ने ध्वजारोहण करके शिक्षकों एवं बच्चों को आजादी का संदेश दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विद्यालय के बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम एवं नाटक की शानदार प्रस्तुति की सराहना की। विसेंट ज्योति विद्यालय नैयर कॉलोनी अयोध्या में 15 अगस्त आजादी के जश्न मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर कृष्ण मुरारी सिंह ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम एवं नाटक की शानदार प्रस्तुति की। के एल डब्लू विद्या मंदिर परिक्रमा मार्ग समसुद्दीन पुर के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडारोहण फहराया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में तिहुरा उपरहार के ग्राम प्रधान रामू यादव एवं प्रबंधक अनिल यादव रहे। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल टीना सहगल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। राज शिशु प्ले स्कूल दिल्ली दरवाजा में स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम से नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मनाया गया। सभी बच्चों ने अपनी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

# हमीरपुर में कीचड़ से होकर झंडा फहराने पहुंचे बच्चे

- वीडियो ने खोली ग्रामीण इलाकों की पोल, सचिव बोले-रास्ता दुरुस्त कराएंगे

**अमन लेखनी समाचार**



हमीरपुर, हमीरपुर में कुछ वीडियो वायरल हुए हैं, जिसने ग्रामीण इलाकों की पोल खोल कर रख दी है। वायरल वीडियो स्वतंत्रता दिवस का बताया जा रहा है जिसमें प्रभातफेरी में हांथों में तिरंगा लिए शामिल बच्चों को तख़्त का पुल बनाकर कीचड़युक्त गलियों से निकाला जा रहा है। वायरल वीडियो की पड़ताल में पता चला की यह मौदहा ब्लॉक क्षेत्र में बिगहना गांव का है। जहाँ बीते दिन प्रभातफेरी निकालते समय जब बच्चे कीचड़युक्त रास्ते में फंस गए थे। तब ग्रामीणों ने अपने अपने घरों से तख़्त निकाल कर रास्ते में डाला था और हांथों में तिरंगा लिए बच्चों को तख़्त के ऊपर से निकाला था। बिगहना गांव में सैराहा गोंडा इलाके की रास्ता का ऐसा हाल क्यों है, इस बाबत प्रधान सुहेल अहमद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नमामि गंगे योजन से रास्तों को खोदकर पाइप लाइन डाली गई थी। लेकिन उसके बाद उसे पाटा नहीं गया। बारिश होने पर वहां कीचड़ हो गया।

# हमीरपुर में सड़क हादसे में प्रधानाध्यापक की मौत,पत्नी घायल

### अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे दोनों, एनएच 34 पर हुआ हादसा

**अमन लेखनी समाचार**




हमीरपुर, हमीरपुर में नेशनल हाईवे 34 पर मंगलवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर घायल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल भिजवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही वाहन लेकर फरार हुए वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसा मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे 34 पर मात्राओं गांव के पास हुआ है। यहां मौदहा कस्बे के रहने वाले प्रधान अध्यापक अवध नरेश जो सुमेरपुर कस्बे से एक अंतिम संस्कार में शामिल होकर अपनी पत्नी के साथ मौदहा लौट रहे थे। उनको मकराओ गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और हादसे को अंजाम देकर भाग निकला। इस हादसे में 50 वर्षीय प्रधानाध्यापक अवध नरेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी किरन गंभीर घायल हुई हैं। परिजन राजेंद्र कुमार ने बताया की अवध नरेश सुमेरपुर में एक अंतिम संस्कार से शामिल होकर मौदहा लौट रहे थे।

# हमीरपुर में नपा अध्यक्ष, ईओ के खिलाफ सभासदों में आक्रोश

- विकास कार्यों में खर्च हुए धन का हिसाब मांगा तो बैठक कक्ष में लगवाया ताला

**अमन लेखनी समाचार**



हमीरपुर, हमीरपुर की सुमेरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के दो तिहाई सभासदों ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। सभासदों ने बताया कि उन्होंने विकास कार्यों में खर्च किये गए धन का हिसाब किताब मांगा तो नगरपालिका में उनके बैठने वाले कक्ष में ताला डाल दिया गया और हिसाब आज तक नहीं दिया गया। हमीरपुर कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे दो तिहाई सभासदों ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद से अभी तक हम लोगों को किस मद से कितना पैसा खर्च किया गया इसकी जानकारी नहीं दी गई है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे सभासदों ने कहा की 3 अगस्त को लिखित रूप से अधिशाषी अधिकारी को एप्लीकेशन दी गई थी, जिसके माध्यम से हम लोगों ने हिसाब किताब मांगा था।

हमें अभी तक उस एप्लीकेशन का जवाब नहीं दिया गया उल्टा मीटिंग हाल में ताला डाल दिया गया ताकि सभासद नगर पंचायत में न बैठ सकें।

## संक्षेप

### बागपत में आधी रात चला सघन चेकिंग अभियान

**बॉर्डर पर बाहर से आने वाले वाहनों की हुई चेकिंग, 50 गाड़ियों के किए चालान**

बागपत, बागपत एसपी के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बॉर्डर चौकियों पर अन्य जनपदों से बागपत में आने वाले संदिग्ध वाहनों को रुकवा कर उनकी तलाशी कराई गई। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 50 वाहन चालकों के चालान किए। वहीं अधिकारी भ्रमण करते रहे।सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने देर रात पैदल गश्त करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बागपत एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर पुलिस ने देर रात थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बागपत की सभी बॉर्डर चौकियों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अन्य जनपद से बागपत जनपद में आने वाले संदिग्ध वाहनों को रुकवा कर उनकी तलाशी कराई गई।वहीं पूरी रात अधिकारी भी भ्रमण करते रहे।सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज लेते रहे।पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 50 वाहन चालकों के चालान भी किए।वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थानेदारों ने अपने क्षेत्र में सुरक्षा के मध्य नजर पैदल गश्त करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बागपत क्षेत्रधिकारी विजय चौधरी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अलर्ट पर है। संदिग्ध वाहनों और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

### एसडीएम की सुरक्षा में तैनात सिपाही ने सुसाइड किया

**सुबह घर वालों को डाला था सुसाइड का मैसेज, दोपहर में देखा; कॉन्स्टेबल बीवी से थी अनबन**

मुरादाबाद, मुरादाबाद रेंज के जनपद संभल में एक पुलिस कांस्टेबल ने आत्महत्या कर ली। संभल शहर के मोहल्ला दुर्गा कालोनी में सिपाही की डेडबॉडी किराए के घर में उसके कमरे में पंखे से लटकी मिली है। दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव पंखे से नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिपाही रजत गिरि संभल में एसडीएम की सुरक्षा में तैनात था। रजत की पत्नी भी पुलिस विभाग में सिपाही है।उसकी तैनाती इन दिनों बागपत जिले में है।पता चला है कि सुसाइड करने से पहले मंगलवार सुबह सिपाही रजत ने अपने घर वालों को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा था। इसमें उसने कहा था कि वो आत्महत्या करने जा रहा है। लेकिन घर वालों की नजर इस मैसेज पर दोपहर बाद पड़ी। जैसे ही परिजनों ने रजत का मैसेज देखा, वो दौड़कर संभल पहुंचे। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।सिपाही रजत गिरि बिजनौर जिले के चांदपुर तहसील में सैदपुर गांव का रहने वाला था।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे रजत के दादा ने बताया कि उनके पोते की 2018 में पुलिस में भर्ती हुई थी। 2021 में अमरोहा की युवती से शादी हुई थी।

## आईटीएम गीडा में अंतिम वर्ष के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**




गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर मे अंतिम वर्ष के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर एवं प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट हिमांशु अग्रवाल ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन मे अगर आप कुछ अच्छा करना चाहते हैं तो अपनी एकाग्रता को अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक बनाये रखे। उन्होंने ने कहा कि लक्ष्य कि प्राप्ति के लिए आपको बहुत ही अनुशासित और संयमित ढंग से अपने कार्य को अंजाम देना होगा और आप जब कोई अपनी रूचि का लक्ष्य तय करे तो उसको प्राप्त करने के लिए उसके प्रति पागलपन होना बहुत जरुरी हैं। जीवन मे कभी भी किसी कार्य को बिना घबराये, बिना डरे अपनी सकारात्मक सोच के साथ करे निश्चित रूप से आप अपने उद्देश्य को पूर्ण करने मे सफल होंगे। छात्रों से संवाद करते हुए उन्होंने छात्रों के द्वारा अपने कैरियर और खुद के विकास से सम्बंधित पूछे गये प्रश्नों का भी जबाब दिया।

संस्थान के निदेशक डॉ0 एन.के.सिंह ने कहा कि छात्रों के विकास के लिए संस्थान सदैव मे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता हैं, छात्र ऐसे कार्यशाला के माध्यम से अपने जीवन मे आने वाले सभी चुनौतियों का सामना करने मे निश्चित रूप से सफल होंगे, साथ ही उन्होंने मुख्य वक्ता के प्रति आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, संकायाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

## भौवापार में हुआ हिंदी वेब सीरीज वकील मैडम का मुहूर्त, शूटिंग और प्रेस-वार्ता

- गोरखपुर ग्रामीण विधायक विपिन सिंह ने किया मुहूर्त का शुभारंभ
- फिल्म के संबंध में हुई प्रेस वार्ता

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। भौवापार स्थित बाबा मुंजेश्वर नाथ मंदिर परिसर में ₹वकील मैडम₹ का मुहूर्त और शूटिंग का आयोजन किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर हिंदी वेब सीरीज ₹वकील मैडम₹ मां शारदा कला जगत एवं 27 फ्यूजन फिल्म प्रोडक्शन ने बाबा मंजेश्वर नाथ मंदिर परिसर में गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह द्वारा मुहूर्त और यूनिट द्वारा फिल्म की शूटिंग की गई ।तत्पश्चात फिल्म प्रोडक्शन के लोगों ने पत्रकारों से एक बड़ी प्रेस वार्ता किया ।इस दौरान फिल्म के कार्यकारी निमार्ता अजीत आर्यन ने बताया की गोरखपुर में इस वेब सीरीज की शूटिंग गोरखपुर के विभिन्न स्थानों पर होना तय हुआ है, जिनमें स्थानीय कलाकारों को प्रमुख रूप से स्थान दिया गया है । जिसमें मुख्य भूमिका में अनिल रस्तोगी, दीपिका चिखलिया, नीरज भारद्वाज, टीना मेहता, किरण कुमार, तेज स्प्रू, नील आर्यन ठाकुर, गजेंद्र ब्रजराज, रोहित श्रीवास्तव, एहसान खान, जय प्रसाद ,निभा शर्मा, जयप्रकाश तथा अन्य कलाकार शामिल है। फिल्म के निर्देशक राहुल गौड, निमार्ता भास्कर चंदोला, सह निमार्ता मनोज कश्यप, छायांकन अनिल टांडा, कार्यकारी निमार्ता अजीत आर्यन, और रचनात्मक निर्देशक अमित शिवांशी सूर्यवंशी हैं। कहानी के लेखक नीरज चौधरी और उपासना सिंह हैं। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भारी भीड़ उपस्थित रही।

## दस्तक अभियान के तहत गांव में बांटी गई दवा




**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत पट्टी धर्म दास में दस्तक अभियान के तहत शुक्रवार को-बुखार, मलेरिया, डायरिया के साथ लोगों को ओ आर एस के पैकेट सीएचओ वंदना पांडेय के द्वारा बांटे गए।सीएमओ कमल नाथ पाण्डेय ने कहा कि- बरसात के मौसम में डायरिया जैसे रोगों का खतरा बढ़ जाता है ।इसका वजह है मौसम में एक साथ नमी व तेज थूप का होना ।सफाई और स्वच्छता से इसके बचाव संभव है, क्योंकि इसके कीटाणु शरीर में नहीं प्रवेश कर पाते हैं। उक्त अवसर पर इंदु देवी, अनुपम शुक्ला, आशा देवी, ज्ञानमती, मीरा देवी, सोनमती, सोमारी, प्रेमशिला, राधा, संजू, बिंदु, वीरू ,सुग्रीम ,लवकुश, सतीश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## एनडीआरएफ की टीम ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अमन लेखनी समाचार**




गोरखपुर। एकेडमिक ग्लोबल स्कूल परिसर में शुक्रवार को एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वृक्षारोपण हुआ। साथ ही स्कूल के बच्चों को स्वच्छता व प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। रीजनल रिस्पांस सेंटर (आरआरसी) गोरखपुर के निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारी प्राकृतिक की रक्षा के लिए जागरूकता फैलाना है। जंगलों की कमी होने के कारण ग्लोबल वार्मिंग क्लाइमेट चेंज जैसे पार्टिकुलर परिणाम हमारे समकक्ष आ रहे हैं वातावरण का समय बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का अभियान चलाए जाना अति आवश्यक है एनडीआरएफ के रेस्क्यूर मौजूद रहे और स्कूल के डायरेक्टर मिस्टर राजेश कुमार, एसोसिएट डायरेक्टर मिस्टर संदीप कुमार, प्रिंसिपल मिस्टर वीसी चाको एवं एडमिनिस्ट्रेटर मिस्टर अफरोज खान एवं अन्य अध्यापकगण और स्कूल के समस्त स्टूडेंट विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया।इस ₹वृहद वृक्षारोपण अभियान₹ सरकार द्वारा वातावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है। और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करके इस कार्यक्रम में शामिल कर पृथ्वी की हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है।जितने अधिक पेड़ होंगे उतना ही वातावरण स्वच्छ एवं अच्छा होगा।

## अजय राय को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जानें पर कांग्रेसियों ने मिठाई बांट कर मनाई खुशियां

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मनोनयन पर आज कौड़ीराम कैंप कार्यालय पर कौड़ीराम के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने एक बैठक का आयोजन किया । बैठक में अभिषेक राय गांधी ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम जननायक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पूर्वांचल में विकास पुरुष स्व. कल्पनाथ राय के बाद यह दूसरा मौका पार्टी ने यह पद किसी भूमिहार को दिया है।यह हमारे सम्पूर्ण समाज के लिए गौरव की बात है। अतः हम समाज के सभी जाति धर्म को साथ लेकर कांग्रेस पार्टी को पुनः उत्तर प्रदेश में मजबूत करने का पुरा प्रयास करेंगे। उक्त बैठक में विजय राय, देवेंद्र राय, धनंजय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बांसगांव, रघुबंस राय नगर अध्यक्ष बांसगाव, गया प्रसाद, हरिसेवक राम त्रिपाठी, लाल मोहम्मद, अनूप साहनी, अरविंद रावत पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी, सत्यपाल शाही, अमरेंद्र राय, गंगा राय, डा. यस बी शुक्ला , प्रमोद कुमार, आशुतोष त्रिपाठी, रामलावट गुप्ता, झांगुर तिवारी आदि तमाम लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाईयां दी।

## जिला मलेरिया अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीराम में किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीराम में चल रहे एम0डी0ए0 अभियान का निरीक्षण किया ।

एमडीए अभियान के तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्तियो को गांव में घर-घर जाकर के मलेरिया रोधी दवा को खिलाना और उसके प्रति जागरूक करना है ।जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह के साथ जिला कोआर्डिनेटर अभिनव कुशवाहा एवम मलेरिया निरीक्षक रवि कुमार मल्ल भी थे । उन्होंने डवरपार, भस्मा, बेलीपार, धस्का आदि गांवों का निरीक्षण किया। और गाँव के लोगों से फाइलेरिया रोग एवं उससे बचाव के बारे में चर्चा किया औ? कहा कि फाइलेरिया से बचाव की जो दवा आप लोगों को दी जा रही हैं उसे अवश्य खाएं। उसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीराम का निरीक्षण किया एवं कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस अवसर पर डॉ0 सीमा राय, डॉ0 संदीप पांडेय, डॉ0 किरन वर्मा, डॉ0 विनय श्रीवास्तव, रवि प्रकाश राय, सुरेश कुमार साहनी, दुर्गेश कुमार राय ,दिनेश कुमार, विनोद कुमार, अरुण कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## नर्सिंग छात्राओं ने दिखाया, कैसा हो डाइट



**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में जीएनएम व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने शुक्रवार को न्यूट्रीशनल प्रोग्राम का आयोजन किया। इसमें छात्राओ के 12 ग्रुप द्वारा अलग-अलग डाइट के व्यंजन जैसे फाइबर रिच डाइट (फ्रूट चाट, रायता), आयरन रिच डाइट (चुकन्दर जूस, पोहा), कैल्शियम रिच डाइट (लस्सी, मूंग चना स्प्रोउट, ), लिक्विड डाइट (बनाना स्मूदी, सत्तू ड्रिंक, मैंगो सेक), बैलेंस्ड डाइट (खीर, वेज बिरियानी, दाल तड़का, सलाद), डाइबिटिक डाइट, डैस डाइट (ईडली, सांभर, रायता, बनाना सेक, सलाद) बनाया गया। साथ ही उनके न्यूट्रीशनल वैल्यू को भी प्रदर्शित किया गया। नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में निधि, अमृता, खुशबू, रोजी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अनामिका जायसवाल, आराधना आदि शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में जीएनएम की 100 व पोस्ट बेसिक बीएससी की 8 छात्राओं की भागीदारी रही।

## फर्जी कॉल सेंटर चलाकर विदेशियों को ठगने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश



आठ अपराधियों को साइबर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। आईजी गोरखपुर परीक्षेत्र गोरखपुर जे रविंदर गौड के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु प्रभा सिंह क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह देखरेख में गोरखपुर की साइबर थाना ने अंतरराष्ट्रीय काल सेंटर चलाने वाले गिरोह के 8 सदस्यों को प्रभारी निरीक्षक मधु नाथ मिश्रा एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक भैया छविनाथ सिंह साइबर थाना की टीम ने अनिक दत्ता आकाश गुप्ता आशीष पांडे कादिर अली धीरज कुमार इकरामुल राहुल राजन कुमार को गिरफ्तार किया फरार चल रहे आदित्य मिश्रा विनोद जुनैद अश्विनी को बहुत ही जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा।

## बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा की बैठक संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर।बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि गोरखपुर व देवीपाटन मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी सुधीर कुमार भारती ने अपने संबोधन में कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव करीब आ चुका है संगठन बूथ स्तर पर मजबूत रहना चाहिए हर कार्यकर्ता की पहचान पार्टी संगठन से होता है आप लोग के ऊपर हमेशा जिम्मेदारी रहती है प्रत्याशी आते जाते रहते हैं हम सभी की नेता बहन कुमारी मायावती अपने कार्यकताओं को हमेशा मान सम्मान बढाती हैं और चार-चार बार सरकार चला कर यह साबित कर दिया कि सर्व समाज को जोड़कर सरकार कैसे चलाया जाता है आप लोग इमानदारी से कम करें आगामी सरकार बसपा की होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुवे गोरखपुर बस्ती मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी इंदल राम जी ने कहा भाजपा से सभी वर्ग के लोग परेशान है देशवासियो के पास विकल्प के रूप में मात्र बसपा ही है बसपा सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के तहत कार्य करती है। जातिवाद और धर्म से देश प्रदेश का विकास नहीं होता। कार्यक्रम का संचालन गोरखपुर मण्डल के प्रभारी सुरेश कुमार गौतम ने किया।बैठक में मुख्य रूप से वीरेंद्र पांडे जिला प्रभारी, राधेश्याम भारती, बजांची निषाद, नवल किशोर नाथानी ,हरि प्रकाश निषाद ,परमेश्वर छोटू सहारा, ओमप्रकाश गौतम ,रितेश कुमार, रामगति निषाद ,विजय कुमार, मोहन कुमार ,सत्येंद्र कुमार, भवनाथ राय, श्री राम बाबू ,जावेद सिमनानी ,राजेश मलिक ,दूधराम, भजूराम भास्कर, बृजेश कु मार, सीताराम, राममिलन निराला, ब्रह्मानंद पासवान, हरिलाल फौजी, विक्रम राठौर, मोहन कुमार सईद अंसारी घनश्याम राही अनिल कुमार बौद्ध ,संतोष सिंह, अमित कुमार ,श्रीनारायण ,पशुपति नाथ, सुशिल भारती ,सुभाष शर्मा, सुनील भारती , चंद्रपाल सिद्धार्थ , जयकार प्रसाद ,राममिलन निराला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे बैठक का संचालन गोरखपुर मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी सुरेश कुमार गौतम ने किया।

## ग्राम वासियों ने शिव मंदिर और दुर्गा मंदिर परिसर में सामूहिक शिव रुद्राभिषेक का किया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा खानिमपुर के शिव मन्दिर और दुर्गा मंदिर परिसर में आज श्रावण मास के पावन पर्व पर ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक शिव रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।इस दौरान सर्वप्रथम आचार्य आनंद पांडेय द्वारा भगवान भोलेनाथ, मैया पार्वती और उनके पुत्र गणेश भगवान का पूजन अर्चन करके शिवलिंग का दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके उपरांत यजमानों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।यजमानों द्वारा संपूर्ण विश्व में सुख शांति और विश्व कल्याण के लिए भगवान भोलेनाथ से मंगल कामना की गई।पूरा परिसर हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो रहा था। आयोजनकर्ता विपिन सिंह ने बताया कि इस बार सावन का संयोग अधिमाह (मलमास) के साथ बना है ।शिव ही सत्य है ।शिव ही इस पूरे ब्रह्मांड के पालक हैं। इस सामूहिक रुद्राभिषेक में दौरान आचार्य परशुराम, अचार्य शैलेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, रामनाथ शर्मा, नागेंद्र सिंह, वंशगोपाल राव, इंद्रराज यादव, दुर्गेश सिंह, इंद्रसेन सिंह, दिलीप मौर्या, राजकुमार शर्मा, विजय शर्मा, विनय सिंह, विराट सिंह, वीर सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालत में सूने मकान में हुई चोरी, पीड़ित ने लाखों का ठोका दावा

**अमन लेखनी समाचार**



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे के निवासी मुनेश कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय बदलू कुशवाहा के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने वारदात की पीड़ित ने स्थानीय पुलिस चौकी अमौली में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित अपने परिवार के साथ अपने ससुराल गया हुआ था इसी बीच सूना मौका देख अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी से सोने के जेवरात दो बेसर दो जोड़ी बाला दो जोड़ी झुमकी एक सोने का हार तथा चांदी के जेवरात दो हाफ पेटी दो जोड़ी पायल समेत 50000 रुपए नगद फरार कर दिया इस घटना में लगभग पीड़ित के अनुसार 4,50000 रुपए का नुकसान हुआ पीड़ित जब शुक्रवार को सुबह पहर लगभग 10:00 बजे अपने घर पहुंचा तो मकान का मुख्य ताला टूटा मिला तथा घर के अंदर रखी अलमारी से सभी सामान गायब मिले स्थानीय कुछ लोगों का मानना है कि यह घटना संदिग्ध प्रतीत होती है मकान के अंदर रखी अलमारी में लाखों का सामान होने के बावजूद बिना ताला बंद किए गृह स्वामी अपने परिवार समेत कैसे जा सकता है स्थानीय चौकी इंचार्ज संदीप कुमार तिवारी ने बताया कि वास्तव में अलमारी में कोई भी ताला नहीं लगा था घटना संदिग्ध है जिसकी गहन जांच करते हुए पुख्ता सबूत जुटाए जा रहे हैं जल्द ही गहन जांच-पड़ताल के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

खास समाचार

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 19 अगस्त को तहसील गौरीगंज में

अमेठी। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में दिनांक 19 अगस्त को गौरीगंज तहसील में आयोजित होगा एवं अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत 21 से 29 अगस्त तक विभिन्न प्रतियोगिताएं की जायेगी आयोजित

अमेठी। खेल निदेशालय के निर्देश के क्रम में जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर खेल सप्ताह दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, अमेठी में आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि अण्डर-18 बालिका वर्ग की वालीबाल खेल प्रतियोगिता 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे, अण्डर-18 बालक वर्ग की फुटबाल खेल 22 अगस्त एवं एथलेटिक्स खेल 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे तथा अण्डर-14 बालक वर्ग की हॉकी खेल 29 अगस्त को प्रातः 10 बजे होगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यालय के खिलाड़ियों/टीमों की इन्ट्री हेतु प्रतियोगिता के एक दिवस पूर्व जिला खेल कार्यालय, अमेठी में जमा कराना सुनिश्चित करें।

## फंदे से लटकता मिला युवती का शव

मुसाफिरखाना अमेठी। शुक्रवार को स्थानीय कस्बा स्थित गनी गली के निकट किराए के मकान में ब्यूटी पार्लर की दुकान कर रही 18 वर्षीय युवती का शव पंखे में फंदे के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए औपचारिकता पूर्ण की। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम लगभग 05 बजे कोतवाली क्षेत्र के नाराअढ़नपुर निवासी आयुषी तिवारी उम्र 18 वर्ष पुत्री राजित राम तिवारी स्थानीय कस्बे में गनी गली के पास किराए के मकान में ब्यूटी पार्लर की दुकान करती थी। शुक्रवार को दुकान के अंदर युवती का शव पंखे में फंदे से लटकता मिला। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की।

## पुरुषोत्तम मास के समापन पर ठाकुर श्रीराधा दामोदर मन्दिर में हुए धार्मिक कार्यक्रम

वृन्दावन। सेवाकुंज क्षेत्र स्थित प्राचीन ठाकुर श्रीराधा दामोदर मन्दिर में पुरुषोत्तम मास के समापन दिवस अमावस्या तिथि पर ठाकुरजी को विशेष श्रृंगार धारण कराकर उन्हे 56 भोग निवेदित किए गए। तत्पश्चात मन्दिर की प्रधान सेवायत आचार्या श्रीमती तरुलता गोस्वामी (मां गुसाई) के पावन सानिध्य में संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा का आयोजन संपन्न हुआ। मन्दिर के वरिष्ठ सेवायत आचार्य तरुण गोस्वामी महाराज व आचार्य करुण गोस्वामी महाराज ने बताया कि इस वर्ष श्रीपुरुषोत्तम मास सावन में होने से इसका महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। मन्दिर में नित्य नाना प्रकार के सुन्दर फूल बंगले में ठाकुर श्रीराधा दामोदर लाल जू महाराज को विराजमान किया गया है। आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी महाराज व आचार्य पूर्णचन्द्र गोस्वामी महाराज ने कहा कि श्रीपुरुषोत्तम मास में पितृ ऋण से मुक्त होने का सर्वोत्तम शुभ अवसर होता है। इसलिए दान-पुण्य करना अति उत्तम होता है। इस मास में मन्दिर में लगातार साधु, संत, वैष्णव, बृजवासी सेवा भी भक्त जनों द्वारा आयोजित की गई। इस अवसर पर ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अवैध तरीके से चल रहा है नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग बना अंजान

नानपारा, बहराइच। शंकरपुर चौराहे पर अवैध तरीके से चल रहे हैं कई नर्सिंग होम जनपद बहराइच के शंकरपुर चौराहे पर कई नर्सिंग होम अवैध तरीके से चलाए जा रहे हैं ना तो इनका कोई रजिस्ट्रेशन है ना ही कोई बोर्ड है घर में चोरी चुपके किया जाता है मरीजों की जान से खिलवाड़ धन उगाही कर गरीब जनता से मोटी रकम वसूली जाती है जिले में अधिकारियों का ध्यान देना चाहिए। जानकारी के अनुसार जनपद बहराइच के शंकरपुर चौराहे पर मुस्कान नर्सिंग होम संचालन किया जा रहा है। जो कि शंकरपुर चौराहे पर पेट्रोल पंप के सामने दो मंजिला मकान के अंदर बगैर कोई बोर्ड लगाए हुए मुस्कान नर्सिंग होम के नाम से घर के अंदर डिलीवरी अबॉर्शन सारा कार्य किया जा रहा है नही है किसी का खौफ कार्रवाई का भय नहीं रहता है एक बार सील भी कर दिया गया तो क्या हुआ दोबारा साहब को सुविधा शुल्क देकर अपना काम ठीक कर लेंगे स्थाई कार्रवाई ना होने से बेधड़क चल रहे हैं नर्सिंग होम व क्लिनिक जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

## प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अजय राय का हुआ भव्य स्वागत, शहीदों को किया नमन

गाजीपुर। जनपद के मोहम्मदाबाद नगर पालिका अंतर्गत आज 18 अगस्त शहीद दिवस के अवसर पर कांग्रेस द्वारा अजय राय को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। वही अजय राय ने शहीद स्थली पहुंचकर अष्ट शहीदों को पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अजय राय ने कहा कि मैंने संकल्प लिया था कि जब कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनूंगा तो सबसे पहले मोहम्मदाबाद की शहीदी धरती पर पहुंचकर शहीदों को पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त करूंगा। अतः इस संकल्प को पूरा करने के लिए आज मैंने अष्ट शहीदों को पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया है। अजय राय के मोहम्मदाबाद पहुंचते ही कांग्रेस के सदस्यों ने उनको माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद अजय राय ने उस तिरंगे को नमन किया जिसे अष्ट शहीदों ने तहसील पर लहराया था। अष्ट शहीदों को दीप जलाकर उनका नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। थोड़ी देर के लिए सभा का भी आयोजन हुआ। जिसका संचालन चौधरी दिनेश राय ने किया। उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए तथा शहीदों का नमन करने के बाद वे अपने गंतव्य को रवाना हो गए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, सरिता पटेल, सचिव राहुल राजभर, देवेंद्र सिंह प्रदेश महासचिव, संदीप विश्वकर्मा जनपद अध्यक्ष, राघवेंद्र पाठक वाराणसी शहर अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों का बंटाधार, चरम पर चल रहा भ्रष्टाचार

अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर, अमेठी। सरकार जहां भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आए दिन आला अफसरों को कडे निर्देश जारी करती रहती है वहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही का परिणाम है कि विकास कार्यों का बंटाधार होकर अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी चरितार्थ होकर भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। विकास खण्ड जगदीशपुर जहां समस्त नियम कानून कागजों में सिमट कर बंदरबांट का खेल जारी है भ्रष्टाचार की पोल यहां तब खुलती है जब अमेठी सासंद व जिलाधिकारी मामले में संज्ञान लेते हैं तब प्रधान व सचिवों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई जाती है शेष शिकायती पत्रों की जांच के उपरांत मामले में लीपापोती करके ब्लाक में ही रफा दफा कर दिया जाता है।

केस नम्बर एक- जून माह के अंतिम सप्ताह अमेठी दौरे पर आई सासंद स्मृति ईरानी को शिकायती पत्र मिलने पर पता चला कि मनरेगा व अन्य कल्याणकारी योजनाओ मे कागजी खानापूर्ति करके घोर घपला किया जा रहा है तब संबंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरों को फटकार लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश देने पर ग्राम पंचायत हुसैनगंज कलां के प्रधान नन्हू व सेक्रेटरी धीरेन्द्र प्रताप सिंह तथा प्रतिनिधि मोनू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

केस नम्बर दो - जुलाई के अंतिम सप्ताह जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गौशाला बगाही में अव्यवस्थाओ का अंबार पाया जहां चारा भूसा पानी समेत मूलभूत सुविधाओ का टोटा मिलने पर जमकर जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए उनके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने के निर्देश पर पच्चीस जुलाई को एडीओ पंचायत साधु शरण की तहरीर पर दोबारा सेक्रेटरी धीरेन्द्र प्रताप सिंह व बगाही प्रधान मोहम्मद कैश तथा पशु चिकित्सक के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज की गई।

केस नम्बर तीन- गत माह सत्रह जुलाई को ग्राम प्रधान बढौली के पूर्व प्रधान नरेंद्र बहादुर सिंह व अन्य ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी मुख्यमंत्री व अन्य उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि मेरी ग्राम पंचायत के मौजूदा ग्राम प्रधान नाली व खडंजा मरम्मत के नाम पर पूर्व वर्षो में ही पैसा निकाल कर बंदरबांट कर लिया अभी तक नाली का निर्माण नहीं हो सका मामला तूल पकडने पर ब्लाक कर्मी मौके पर जाँच करने पहुंचे तब नाली का निर्माण प्रारंभ हुआ जिम्मेदार अधिकारी जांच हो रही की बात कहकर अपना पल्ला झाडते रहे तब तक नाली का निर्माण पूरा कर लिया गया मामले मे अंतोगत्वा लीपापोती कर रफा दफा कर दिया गया। गौरतलब हो कि कहां तक अमेठी सासंद व जिलाधिकारी भ्रष्टाचार की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराते रहेंगे। जब आला अधिकारियो के जांच करने पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी तो विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपना क्या फर्ज निभाएगे यह सोचने का विषय है।

## सफाई कर्मी न होने से गाँव में लगा गंदगी का अम्बार



### ग्रामीणों ने की नियमित रूप से सफाई कराये जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। तहसील गरौठा अंतर्गत ग्राम पंचायत हीरानगर विकासखंड बामौर में सफाई कर्मचारी न होने से गांव में गंदगी का अंवार लगा हुआ है। कई महीनों से नालियों की सफाई न होने से नालियां गंदगी से पटी पडी है और गंदगी का गन्दा पानी सड़क पर भरा रहता है जिससे विद्यालय जाने वाले बच्चों सहित ग्रामीणों को भी भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया इस संवंध में उनके द्वारा कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन उनकी समस्या का अभी तक कोई समाधान नही हुआ। इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत सचिव ने बताया की गाँव में तैनात सफाई कर्मचारी को कही दूसरी जगह अटैच कर दिया गया हैं जिससे यह समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने गाँव में सफाई कर्मी की नियुक्ति के साथ ही नियमित रूप से सफाई कराये जाने की मांग की है।

## सद्भावना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा दिलाई शपथ



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। प्रत्येक वर्ष की भांति दिनांक 20 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है चूंकि इस वर्ष 19 और 20 अगस्त को दिन शनिवार और रविवार होने के दृष्टिगत केंद्र सरकार के कार्यालयों में अवकाश होने के कारण शासन द्वारा सद्भावना दिवस का आयोजन 18 अगस्त को किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को सद्भावना दिवस पर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सद्भावना दिवस मनाने का उद्देश्य सभी धर्म, भाषा और क्षेत्र के लोगों के मध्य राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजली सिंह, उपजिलाधिकारी न्यायिक रामकेवल त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधान व सदस्य ग्राम पंचायत के रिक्त पदों पर निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 के निदेर्शानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) राकेश कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि जनपद के सम्बन्धित विकासखंडों में ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने हेतु आदेशित किया है। उन्होंने बताया कि रिक्त ग्राम पंचायत पदों के विवरणानुसार वि0ख0-तिलोई में सदस्य पद हेतु रामनगर वार्ड सं0-6, बेसरवा वार्ड सं0-7, अगौना वार्ड सं0-10 एवं अलाईपुर वार्ड सं0-09 अनारक्षित तथा नसरतपुर वार्ड सं0-10 अनुसूचित जाति, वि0ख0-संग्रामपुर में सदस्य पद हेतु गूंजीपुर वार्ड सं0-02 तथा इटौरी वार्ड सं0-04 अनारक्षित, वि0ख0-जगदीशपुर में सदस्य पद हेतु मुबारकपुर वार्ड सं0-11 अन्य पिछड़ा वर्ग एवं भीखनपुर वार्ड सं0-11 अनारक्षित तथा प्रधान पद हेतु पूरे सोहरत सिंह में अनुसूचित जाति महिला, वि0ख0-भेंटुआ में सदस्य पद हेतु बन्दोइया वार्ड सं0-02 अन्य पिछड़ा वर्ग, वि0ख0-अमेठी में सदस्य पद हेतु सरैया दुबान वार्ड सं0-10 एवं रामदयपुर वार्ड सं0-10 अन्य पिछड़ा वर्ग, चतुर्भुजपुर वार्ड सं0-05 एवं रामगढ़ वार्ड सं0-05 अनारक्षित तथा लोनियापुर वार्ड सं0-05 अनुसूचित जाति महिला, वि0ख0-बाजार शुकुल के इक्काताजपुर में प्रधान पद हेतु महिला श्रेणी, वि0ख0-भादर के मोचवा वार्ड सं0-07 अनुसूचित जाति, वि0ख0-गौरीगंज के सराय हृदयशाह वार्ड सं0-07 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वि0ख0-सिंहपुर के ग्राम पंचायत पेंण्डारा वार्ड सं0-01 एवं 15 अनुसूचित जाति तथा कुकहा रामपुर वार्ड सं0-08 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वि0ख0-बहादुरपुर के ग्राम पंचायत निगोहा वार्ड सं0-13 अनारक्षित श्रेणी के सदस्य पद रिक्त है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 22 अगस्त को पूर्वान्ह 10 बजे से 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 23 अगस्त 2023 को 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापसी की तिथि 24 अगस्त को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन की तिथि 24 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक, मतदान की तिथि 06 सितम्बर प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक तथा मतगणना 08 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक की जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों के रिक्त स्थानों/पदों पर निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण 18 अगस्त को सार्वजनिक रूप से निर्गत की जायेगी तथा निर्वाचन कार्यक्रम को प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते हुए व्यापक प्रचार कराया जायेगा और गॉवों में मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जायेगी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा, उक्त उप निर्वाचन उ0प्र0 पंचायतराज (सदस्यों, प्रधानों व उप प्रधानों का निर्वाचन) नियमावली, 1994 के अनुसार सम्पन्न होगा, निर्वाचन अधिकारी की सूचना निर्गत किये जाने के तिथि से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा। उपर्युक्त उप निर्वाचन में प्रधान ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर होगा, परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। उन्होंने बताया कि उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## सीएचसी कोठी में मेडिकल स्टोर संचालकों के खेल से ग्रामीण महंगे दामों पर दवा लेने को मजबूर

अमन लेखनी समाचार




बाराबंकी। वी आई पी क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले कोठी क्षेत्र से इलाज कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे, मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा जबरदस्त खेल खेला जा रहा है, जहां प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग को लगातार निर्देशित किया जा रहा है कि बाहर से मरीजों को दवाएं न लिखी जाए, वही दूसरी ओर सीएचसी कस्बा कोठी के चिकित्सकों द्वारा क्षेत्र से आए दिनों मरीजों को खूब धड़ल्ले से बाहर की दवाएं लिखी जा रही है, चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाएं पूरे कोठी कस्बा बाजार में किसी भी मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध नहीं है, चिकित्सक द्वारा अस्पताल के बाहर से लिखी दवा सीएचसी कोठी गेट पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर ही मिलती है, सीएचसी के डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों की करतूतों के चलते मरीज और तीमारदार महंगे दामों पर दवाएं खरीदने को विवश जिससे यह जाहिर होता है कि चंद्र रुपये की कमीशन खोरी धड़ल्ले से चल रही है। ऐसा ही एक मामला सीएचसी कोठी पर देखने को मिला। मरीज किरन कुमारी सीएचसी पर संचालित ओपीडी में बैठे चिकित्सक से दवा कराने आई थी। ओपीडी में मौजूद एक डॉक्टर द्वारा उन्हें बाहर की दवाई लिख दी गई।

पीड़िता किरन कुमारी ने बताया कि वह डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं का पर्चा लेकर पूरे कोठी बाजार में स्थित मेडिकल स्टोरों पर घूमती रही, लेकिन उन्हें दवा नहीं मिल सकी। मेडिकल स्टोर तथा अन्य लोगों के बताने के बाद जब वह उक्त मेडिकल स्टोर पहुंची तो डॉक्टर द्वारा लिखी दवा मिली तो लेकिन काफी महंगे दामों में स्टोर संचालक द्वारा दी गई। जब बाहर से महंगी दवा लिखे जाने के संबंध में डॉक्टर से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं सभी मेडिकल स्टोर पर दवा उपलब्ध है। स्थानीय लोगों की माने तो सीएचसी कोठी गेट पर स्थित उक्त मेडिकल स्टोर को यहां के डॉक्टरों का संरक्षण प्राप्त है। सीएचसी कस्बा कोठी के द्वारा लिखी गई दवाओं से ही उनकी मेडिकल स्टोर का कारोबार काफी तेजी से फल फूल रहा है।

## चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। पुलिस ने दो युवकों को चोरी की बाइक का सामान बेचने ले जाते समय दबोच लिया। पूछताछ के बाद युवकों की निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद करते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की। स्थानीय थाने में तैनात एसआई महेंद्र सरोज अपने हमराहियों के साथ बीती देर शाम फुंदनपुर के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी समय एक बाइक पर सवार दो लोग एक बाइक का चक्का लेकर सिक्सलेन की तरफ जाते दिखे। पुलिस टीम ने जब उन्हें रोक कर कड़ाई से पूछताछ की तो चक्का चोरी की बाइक का होने और उसे बेचने के लिए ले जाये जाने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस द्वारा दोनों को गिरफ्तार कर उनकी निशान देही पर ईदगाह के सामने के कुएं से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। गिरफ्तार अभियुक्तों के मुताबिक उन्होंने बाइक को एक सप्ताह पूर्व जगदीशपुर में मस्जिद के सामने की रोड पर से चोरी की थी। थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि आरोपियों की पहचान सहजादे पुत्र हिदायत हालपता विशम्भर पट्टी थाना बाजार शुक्ल व मूल निवासी मोहल्ला गोरियाना कस्बा व थाना जायस जनपद अमेठी और अरशद पुत्र अकरम निवासी अब्दुल्ला बाहरपुर थाना बाजार शुक्ल के रूप में हुई। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

## प्रति दिन लगाया जा रहा मानव एवं पशु चिकित्सा ओ.पी.डी. शिविर

अमन लेखनी समाचार




नानपारा, बहराइच। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच-क को गृह मंत्रालय के द्वारा 25200 पौधे को रोपित करने का एक बड़ा लक्ष्य दिया गया था जिसको उप कमांडेंट श्री अनिल कुमार यादव के कुशल निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय तथा अधीन सभी सीमा चौकियों के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के स्कूल, कॉलेज, सामुदायिक भवन के आस पास तथा ₹मेरी माटी मेरा देश₹ थीम के तहत अमृत वाटिका का निर्माण, एंव विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर मुख्य रूप सागौन, जामुन, अमला, कटहल, अमरुद, गुलमोहर, बेल, इमली, जैसे पौधों को रोपित कर दिए गए लक्ष्य को सफलतापूर्वक लक्ष्य को पूर्ण किया गया। साथ ही सीमा चौकी पंचपोखरी तथा सीमा चौकी रंजीत बोझा के कार्यक्षेत्र में मानव चिकित्सा शिविर एसएसबी के डॉक्टर राकेश कुमार रंजन के नेत्रित्व में तथा पशु चिकित्सा शिविर एसएसबी के डॉक्टर श्री विकास कुमार सिंह के नित्रित्व में आयोजन किया गया शिविर के दौरान दौरान 60 मानव एवं 118 पशु लाभान्वित हुए सभी को चिकित्सीय परिक्षण कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया कार्यवाहक कमांडेंट श्री पार्थ सारथी रॉय ने बताया की भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा समस्त सीमा चौकियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया गृह मंत्रालय के द्वारा देये गए लक्ष्य को सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया साथ ही सीमावर्ती जनता को का सन्देश देते हुए यह बताया गया की 42वीं वाहिनी के द्वारा सीमा क्षेत्र में प्रति दिन मानव चिकित्सा शिविर तथा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से भरपूर लाभ उठाने के लिए जनता से अपील की गई

## निजी एवं सहकारी उर्वरक के 31 प्रतिष्ठानों पर की गयी छापेमारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जिला कृषि अधिकारी रविकान्त सिंह ने अवगत कराया है कि खरीफ फसलों में यूरिया की टाप ड्रेसिंग जोरों पर होने के कारण किसानों को यूरिया उर्वरकों को निर्धारित दर पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से सघन छापेमारी कार्यवाही किये जाने हेतु अपर मुख्य सचिव (कृषि), उ0प्र0 शासन के प्राप्त आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी अमेठी के आदेशानुसार उप जिला मजिस्ट्रेटों एवं उर्वरक निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा तहसीलवार निजी एवं सहकारी उर्वरक के प्रतिष्ठानों पर सघन छापेमारी एवं चेकिंग की गयी। उन्होंने बताया कि तहसील अमेठी में उप कृषि निदेशक डॉ0 लाल बहादुर यादव एवं उप जिलाधिकारी अमेठी प्रीती तिवारी, तहसील मुसाफिरखाना में उप जिला मजिस्ट्रेट सविता यादव एवं जिला कृषि अधिकारी रविकान्त सिंह, तहसील तिलोई में उप जिला मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह एवं भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार एवं तहसील गौरीगंज में उप जिला मजिस्ट्रेट अभिनव कनौजिया एवं अपर जिला कृषि अधिकारी शुभम पाण्डेय द्वारा पी0ओ0एस0 मशीन के अनुसार स्टाक, संदिग्ध स्टाक से नमूने ग्रहण करने, जमाखोरी, कालाबाजारी एवं यूरिया के साथ अन्य उत्पादों के टैगिंग की जॉच की गयी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि जनपद की समस्त तहसीलों में छापेमारी कार्यवाही के दौरान 16 नमूने डी0ए0पी0 के प्रयोगशाला में विश्लेषण हेतु लिये गये एवं प्रयोगशाला में नमूने फेल होने की दशा में उर्वरक नियंत्रण एक्ट-1985 के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही छापे के दौरान 31 दुकानों पर छापेमारी की गयी, 03 दुकानदारों गर्ग एग्री जंक्शन रामगंज, आदर्श फर्टिलाइजर्स जगदीशपुर एवं विष्णु फर्टिलाइजर्स को अभिलेख पूर्ण न किये जाने के लिए कारण बताओ नोटिस, 03 उर्वरक विक्रेताओं जायसवाल खाद एवं बीज भण्डार करधुनी, राजपूत फर्टिलाइजर्स कमला नगर एवं सिंह फर्टिलाइजर्स नेवादा किशुनगढ़ को उर्वरकों का सही रख-रखाव न करने के लिए चेतावनी दी गयी तथा 02 उर्वरक विक्रेताओं अमन कुमार प्रखर कुमार मुसाफिरखाना एवं जायसवाल फर्टिलाइजर्स करथुनी पश्चिम को उर्वरकों एवं पशु आहार आदि एक ही परिसर में रखने के कारण लाइसेंस निलम्बित किये गये। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सभी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा किसानों को उनकी भूमि के स्वामित्व के अनुसार आधार कार्ड से पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से ही खाद का वितरण करने एवं कैश मेमो प्रत्येक किसान को अवश्य देने के लिए सचेत किया गया तथा यदि किसान को किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा अधिक मूल्य पर खाद देने अथवा खाद के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग की शिकायत हो तो सम्बन्धित किसान जनपद के कन्ट्रोल रूम नं0-7838882492 पर सूचित कर सकते है।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

जानकारी





## दुनिया का सबसे पुराना चिड़ियाघर
# टियरगार्टन शनब्रन

बच्चों, चिड़ियाघर वो जगह होती है, जहां पशु-पक्षी बहुत बड़ी संख्या में रहते हैं। दुनिया भर के लगभग हर बड़े शहर में चिड़ियाघर हैं। दुनिया का सबसे पुराने चिड़ियाघर का नाम है-टियरगार्टन शनब्रन। जानो, इस अनोखे चिड़ियाघर के बारे में।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर यानी जू जरूर देखा होगा, जहां तरह-तरह के पशु-पक्षी रहते हैं। लेकिन क्या तुम्हें पता है कि दुनिया का सबसे पुराना चिड़ियाघर कहां है? उसमें क्या अनोखा देखने लायक है? मध्य यूरोप में ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में शनब्रन महल के बगीचे में दुनिया का सबसे पुराना चिड़ियाघर टियरगार्टन शनब्रन है। इस चिड़ियाघर की स्थापना 31 जुलाई 1752 को हुई थी। इसे दुनिया का सबसे पुराना चिड़ियाघर माना जाता है। इसका निर्माण रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम के आदेश पर हुआ था। यह शुरुआत में राजशाही परिवार का चिड़ियाघर था। लेकिन बाद में इसे आम जनता के लिए सन् 1779 में खोल दिया गया।

### तरह-तरह की खासियतें

- टियरगार्टन शनब्रन चिड़ियाघर की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार इसका कुल क्षेत्रफल करीब 42 एकड़ है।
- यहां 700 प्रजाति के लगभग 8,500 जंतु रहते हैं।
- चिड़ियाघर को अलग-अलग भागों में बांटा गया है। जैसे- वर्ल्ड ऑफ पोलर बीयर में एक बड़ा-सा तालाब है, जिसमें ध्रुवीय भालू रहता है। तालाब का कुछ हिस्सा पारदर्शी शीशे का है, जिसकी मदद से ध्रुवीय भालू को पानी के अंदर तैरते हुए देखा जा सकता है।
- पोलेरियम नाम सेक्शन में साउथ अमेरिकन सी लॉयन को रखा गया है। यह सी लॉयन इंसान के इशारों पर हरकतें करता है।







- रेनफॉरेस्ट हाउस ग्लास की बनी एक बड़ी बिल्डिंग है। बिल्डिंग के अंदर असल का एक छोटा-सा वर्षावन बनाया गया है। यहां जंगल में घूमते हुए वर्षावन के छोटे जंतु देखे जा सकते हैं।
- एक्वेरियम एंड टेरारियम हाउस में एक बड़े से एक्वेरियम में रंग-बिरंगी मछलियों को तैरते देखा जा सकता है। वहीं, टेरारियम सेक्शन में मगरमच्छ, कछुए जैसी कई दुर्लभ सरीसृपों को देख सकते हैं।
- बिग कैट हाउस सेक्शन में बिल्ली परिवार के सदस्यों चीता और साइबेरियन शेर को देखने का मौका मिलता है। यहां इन्हें पारदर्शी कांच की मदद से बहुत करीब से देख सकते हैं। इन्हें करीब से देखकर डर के मारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।
- मंकी हाउस सेक्शन में बंदरों की कुछ अनोखी प्रजातियों को देखकर हैरानी होती है। यहां दुनिया का सबसे छोटे आकार वाला बंदर पिग्मी मारमोसेट भी है, जिसका आकार इंसान की एक अंगुली जितना होता है।
- जिराफ सेक्शन में बड़े आकार वाले जिराफ रहते हैं। विजिटर जिराफ को अपने हाथों से उन्हें हरी टहनियां खिला सकते हैं।
- डेजर्ट हाउस सेक्शन अपने नाम के अनुसार बना है। यहां आकर ऐसा लगता है कि हम रेगिस्तानी इलाके में हैं। यहां नन्हे रेगिस्तानी जंतुओं को देखा जा सकता है।
- नेचर डिस्कवरी ट्रेल सेक्शन में ऊंचे-ऊंचे पेड़ उगे हैं। यहां जमीन से 10 मीटर ऊपर हवा में पैदल रास्ता वाला एक पुल बना है, यहां से स्थानीय पक्षियों को करीब से अठखेलियां करते देखा जा सकता है। *

**प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे**

जानकारी

## धरती का सबसे शुष्क स्थान
# अटाकामा मरुस्थल



बच्चों, इन दिनों देश के अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश हो रही है। लेकिन धरती पर एक ऐसा स्थान भी है, जहां पर सबसे कम वर्षा होती है। इसलिए यह दुनिया का सबसे शुष्क स्थान माना जाता है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अनुसार यह शुष्क स्थान, चिली देश में स्थित अटाकामा मरुस्थल है। यह स्थान दो पर्वतमाला एंडीज और चिलीएन कोस्टल रेंज के बीच स्थित है। यहां क्विलागुआ जगह में स्थित मौसम केंद्र ने 1964 और 2001 के बीच सालाना औसत बारिश 0.5 मिलीमीटर दर्ज की थी। जिसके बाद अटाकामा मरुस्थल दुनिया का सबसे शुष्क स्थान माना गया।

बच्चों, अटाकामा मरुस्थल में हर साल बहुत कम मात्रा में बारिश होती है। मरुस्थल के भीतर कुछ जगह तो ऐसी हैं, जहां पर बारिश पांच से सात सालों के अंतराल में होती है। तब मरुस्थल के मैदानी भागों में दूर-दूर तक रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं। इन्हें देखकर लगता है, किसी ने मैदान पर फूलों की चादर बिछा दी है।

अटाकामा मरुस्थल की एक और खासियत है। इस क्षेत्र का वातावरण मंगल ग्रह से काफी मेल खाता है। इसलिए अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा मंगल ग्रह पर भेजे जाने वाले उपकरणों का यहां परीक्षण करती है। इसके अलावा अटाकामा मरुस्थल में उन साइंस फिक्शन फिल्मों की शूटिंग भी होती है, जिसकी कहानी में मंगल ग्रह होता है, क्योंकि यहां पर फिल्माए गए सीन रियल से लगते हैं। *


**-बालभूमि फीचर्स**

## बूझो तो जानें



1
लिखते जिससे सब कुछ हम,
नीला, काला, हरियल, लाल।
जेब की शोभा साथ निभाता,
शस्त्र निराला बड़ा कमाल।।

2
प्रश्न-उत्तर जिस पर लिखें,
पुस्तक के रहती है साथ।
होमवर्क भी उस पर करते
लिख देते हम मन की बात।।



3
कॉपी, पुस्तक जिसमें रखते
और रखें भोजन का बॉक्स।
कंधों पर लटकाकर चलते
रंग-बिरंगी रखते चॉक्स।।

4
केवल मन की बातें लिखते
या दिनचर्या की बात।
विद्यालय की समय सारिणी
याद दिलाती देती साथ।।

- डॉ. राकेश चक्र

उत्तर: 1-पेन, 2-कॉपी, 3-बस्ता, 4-डायरी

## जीके क्विज-67

1. हाल में किस देश की टीम को हराकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 जीती?
2. प्रकाश संश्लेषण क्रिया में पौधे कौन-सी गैस निकालते हैं?
3. देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार का क्या नाम है?
4. देश के वर्तमान वित्त मंत्री का क्या नाम है?
5. देश के किस राज्य का पुराना नाम मगध था?
6. आंध्र प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?
7. देश में सबसे पहले सूर्य किस राज्य में उगता है?
8. कितने वर्षों के अंतराल में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाता है?
9. कौन-सा जानवर रेगिस्तान का जहाज कहलाता है?
10. नई दिल्ली से पहले भारत की राजधानी कहां थी?



**बच्चों, जीके क्विज-67 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-66 का उत्तर :** 1-अदिति गोस्वामी, 2-दक्षिण अफ्रीका, 3-आंखों का, 4-12 अगस्त, 5-केसरिया रंग, 6-76वीं, 7-भारत छोड़ो आंदोलन, 8-52 सेकेंड, 9-लाल किले की प्राचीर से, 10-अंडमान निकोबार द्वीप

**जीके क्विज-66 का सही उत्तर देने वाले :** निकिता-बिलासपुर, अंजलि-रायपुर, सुरेश-भोपाल, गरिमा-रोहतक, ममता-जबलपुर, तुलसी-धमतरी, ज्योति-रायगढ़, लोकेश-विदिशा, पंकज-भिवानी, निधि-कटनी, विक्रम-कांकेर

## हंसगुल्ले

**गोलू-** गप्पा, बहुत तेज बारिश हो रही है। इसका भविष्यकाल क्या होगा, जल्दी बताओ?
**गप्पा (मुस्कुराते हुए)-** अब लाइट जाएगी।

**-पूजा, रोहतक**

**रिंकी-** पिंकी, अगर सच्चे दिल से कुछ मांगा जाए तो वो इच्छा जरूर पूरी होती है।
**पिंकी-**रहने दो, अगर ऐसा होता तो आज तुम मेरे लिए एक चॉकलेट जरूर लाती।

**-सुरेश, जबलपुर**



**मास्टर जी-** बताओ, लाल किला कहां है?
**टिंकू-** पता नहीं, सर।
**मास्टर जी-**यहां मेरे पास आकर देश के नक्शे में देखकर बताओ।
**टिंकू मास्टरजी के पास जाकर कुछ देर नक्शा देखने के बाद-** मास्टर जी यहां पर भी लाल किला नहीं दिखाई दे रहा है।

**-सुमित, रायगढ़**

कहानी
संजय सिंह चौहान

# सुधर गया चिंटू

इधर कुछ दिनों से चिंटू भालू को सुबह उठ कर पढ़ाई करते समय और स्कूल में नींद आने लगी थी। स्कूल में उसके पिता अंगोरा भालू को बुलाया गया। क्या अंगोरा भालू अपने बच्चे चिंटू की क्लास में सो जाने की वजह समझ पाए? क्या चिंटू को भी अपनी गलती का एहसास हुआ?



'चिंटू! उठो, सुबह हो गई, फ्रेश होकर पढ़ने बैठो।' पिता अंगोरा भालू ने एक कड़क आवाज लगाई।

चिंटू के पिताजी बहुत ही अनुशासन प्रिय हैं। हो भी क्यों ना, उन्होंने शेर सिंह की फौज में बड़े पदों पर कार्य किया है। वह अपनी वीरता से शेर सिंह को जंगल की व्यवस्था सुचारु रूप से चलाने में मदद करते थे। पूरा जंगल उनका सम्मान करता है, सभी उनकी वीरता के कायल हैं।

अंगोरा भालू की ख्वाहिश है कि वह चिंटू को भी अपने जैसा अनुशासन प्रिय बनाएं। चिंटू भी जंगल में राजा शेर की सेना का बहादुर सैनिक हो, बड़ा अफसर बने। लेकिन चिंटू को इन दिनों सुबह-सुबह उठकर पढ़ना एक मुसीबत सी लगने लगी थी। वह अपने पापा के डर से उठकर पढ़ाई करने बैठ तो जाता था, लेकिन नींद उसे परेशान करती थी। आज भी वह पढ़ाई कम कर रहा था, नींद में झूल ज्यादा जा रहा था। लेकिन अपने पिताजी के बगल में ही कुर्सी पर बैठने की वजह से जल्दी से अपनी आंखें खोलकर पढ़ने लगता।

दो घंटे पढ़ने के बाद चिंटू नहा-धोकर तैयार होकर टिफिन लेकर नदी किनारे स्कूल आ गया। दो-तीन पीरियड तक तो वह ठीक से पढ़ता रहा, लेकिन चौथे पीरियड में अचानक नींद से उसकी आंखें बंद होने लगीं। चिंटू के टीचर चंपक बंदर ने उसे नदी के पानी से मुंह धोकर आने को कहा ताकि उसकी नींद टूट जाए। आज छुट्टी होने पर टीचर चंपक बंदर ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, 'चिंटू कल, अपने पिताजी को लेकर आना।'

अगले दिन चिंटू अपने पिता अंगोरा भालू को लेकर प्रिंसिपल के रूम में पहुंचा। स्कूल के प्रिंसिपल संपत हाथी ने उन्हें आदर से बैठाया। इसी बीच चिंटू के क्लास टीचर चंपक बंदर भी आ गए। उन्होंने बताया, 'देखिए अंगोराजी, आपका बच्चा पढ़ने में होशियार और समझदार तो है, लेकिन इधर कुछ दिनों से वह क्लास में सो जाता है।' चंपक टीचर ने अंगोरा भालू को बताया।

अंगोरा भालू वहीं प्रिंसिपल रूम में चिंटू को जोर से डांटने लगे, 'क्लास में सोते हो? तुम इस तरह पढ़ाई करोगे?'

चिंटू अपने पिताजी के डांटने पर रुआंसा हो गया। उसे बहुत शर्म महसूस हो रही थी।

'मिस्टर अंगोरा, आप बच्चे को क्यों डांट रहे हैं? जो बच्चा पढ़ने में अच्छा हो, वह भला क्लास में सोना क्यों चाहेगा? लगता है इसकी नींद पूरी नहीं होती है, इसलिए यह क्लास में सो जाता है। प्लीज, मिस्टर अंगोरा ध्यान रखें, आपके बच्चे की नींद पूरी हो। बच्चे को डांट कर नहीं, प्यार से समझाएं।' संपत हाथी ने बहुत सभ्य शब्दों में अंगोरा भालू को समझाया। अंगोरा भालू समझदार थे, उन्हें बात तुरंत समझ में आ गई। वह समझ गए बहुत सुबह चिंटू के जगने से उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती है, इसी कारण वह क्लास में सोने लगता है।

प्रिंसिपल संपत हाथी से अंगोरा भालू बोले, 'कल से चिंटू की नींद पूरी हो, इसका मैं पूरा ध्यान रखूंगा।' यह कह वह घर वापस लौट आए।

चिंटू स्कूल की छुट्टी होने के बाद डर रहा था कि घर पहुंचने पर उसे अपने पिताजी से खूब डांट पड़ेगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने प्यार से पूछा, 'चिंटू, क्या तुम्हारी नींद पूरी नहीं होती? तुम कितने बजे सोते हो?'

चिंटू ने सच-सच बता दिया, 'पिताजी, इधर कुछ दिनों से मैं रात आपके और मां के सोने के बाद अपने कमरे में देर तक मोबाइल पर गेम खेलने लगा था। समय पर सोता नहीं था। अब समय से सोया करूंगा। मुझसे गलती हुई, माफ कर दीजिए।'

अंगोरा भालू गुस्साए नहीं, बस प्यार से इतना बोले, 'बच्चे, सेहत के लिए रात को समय से सोना और सुबह जल्दी उठना जरूरी है। पढ़ने वाले बच्चों को तो इसका और भी ध्यान रखना चाहिए।'

रात में चिंटू समय से सो गया। अगली सुबह समय पर उठा। उसके पिताजी ने इस बात का ध्यान रखा कि सुबह इतनी जल्दी भी ना उठा दिया जाए कि उसकी नींद पूरी नहीं हो। चिंटू के सुबह खुद उसके जगने का इंतजार किया।

आज चिंटू का मन बहुत ही प्रफुल्लित था, क्योंकि उसकी नींद भी पूरी हो गई थी। उसे पढ़ने में भी मजा आ रहा था। स्कूल में भी उसे नींद नहीं आई। वह पिछले दिनों जो गलती कर रहा था, उसने अपने आपको सुधार लिया था। *

कविता
सतीश उपाध्याय




## रविवार है सबका साथी

सोमवार को पापा लाए
मीठे-मीठे आम।
मंगलवार को चाची गईं
पावन तीरथ धाम।
बुधवार को मामा बोले
याद करो एक गीत।
गुरुवार को हमसे मिलते
सभी पुराने मीत।
शुक्रवार को नानी बोलीं
करना अच्छे काम।
शनिवार को मम्मी बोलीं
खूब कमाओ नाम।
रविवार है सबका साथी
धूम-धड़ाका और आराम।

## रंग भरो-131

**रंग भरो-131** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





नमन, रायपुर



राजनंदनी, रायपुर



पाविका, राजनांदगांव



देविक, रोहतक



आयुष्मान, बुढ़ार




आयुष, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आकृति-मध्य प्रदेश, यश-भोपाल, अंजलि-रायपुर, उमेश-विदिशा, कंगना-दिल्ली, धनुष-कोरबा, गरिमा-रोहतक, मयंक-जबलपुर, राकेश-बिलासपुर, हितेश-भिवानी, सूरज-कटनी, हार्दिक-धमतरी, नीरज-महासमुंद, कल्पना-रायगढ़, प्रियंका-रायुर, राज-कैथल

## रंग भरो 132




बच्चों, यहां पर फूलों का एक सुंदर चित्र दिया गया है, जिसमें दो फूल मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे प्यारे रंगों से रंगकर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## फन एक्टिविटी / उषा सोमानी

बच्चों, यहां प्रत्येक पंक्ति में एक शब्द के लिए रिक्त स्थान दिया गया है। तुम्हें रिक्त स्थान में ऐसा शब्द लिखना है, जिनमें पहले वर्ण के बाद 'अ' स्वर और फिर 'र' वर्ण का होना अनिवार्य है।

1. .............. रेगिस्तान भारत का सबसे बड़ा रेगिस्तान है।
2. आज सुनहरी का जन्मदिन था। सहपाठियों ने उसे फूलों का .............पहनाया।
3. आज के समाचार पत्र में खबर थी कि ओलों की .............से फसल को बहुत नुकसान हुआ।
4. वेदांत ने अपने मित्रों को औजार की........... लगाने वाली मशीन के बारे में बताया।
5. प्रिया................ में बैठकर स्कूल आती है।
6. कक्षा में अध्यापक ने पाठ का........... बहुत अच्छे से समझाया।
7. किसान ने अपने खेत के चारों तरफ.........की बाड़ लगा रखी थी।
8. .............पैर के जानवर को चौपाया कहते हैं।
9. अनुज ने प्रयोग में पाया, एक गिलास पानी से एक गिलास रेत का ............अधिक था।
10. मुंह में दांत भोजन को चबाते हैं और.........उसे सुपाच्य बनाती है।



उत्तर: 1-थार, 2-हार, 3-मार, 4-धार, 5-कार, 6-सार, 7-तार, 8-चार, 9-भार, 10-लार